हरिभूमि
रायपुर भूमि



## कई जोन कार्यालयों में भी डंप होने की संभावना

जिस तरह से लाखेनगर स्थित निगम के मालखाना में हजारों पुराने राशन कार्ड डंप मिले हैं, उसी प्रकार निगम के अन्य कई जोन कार्यालयों से लेकर अन्य कई जगहों पर भी पुराने राशन कार्ड डंप किए गए होंगे।

# निगम की बड़ी लापरवाही, पुराने हजारों राशन कार्ड कूड़े की तरह डंप, दुरुपयोग-फर्जीवाड़ा किए जाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में नगर निगम प्रशासन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। उचित मूल्य दुकानों के हितग्राहियों को नए राशन कार्ड वितरण से पहले पुराने कार्ड जमा कराए गए थे। इन कार्डों को वापस लेने के बाद नियमतह नष्टीकरण किया जाना था, लेकिन निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने इन कार्डों को कूड़ा-कचरा की तरह अलग-अलग जगहों पर डंप कर रखा हुआ है, जिससे कार्ड धारक के परिवार के सदस्यों की गोपनीयता भंग हो रही है, वहीं यह कार्ड अगर किसी गलत हाथ में लग जाए, तो इसका दुरुपयोग या फर्जीवाड़ा भी कर सकता है।

***पुराने कार्ड जमा कर बांटे गए थे नए कार्ड :*** तत्कालीन कांग्रेस शासन काल में 5 साल तक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का फोटो लगा राशन कार्ड हितग्राहियों ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नष्टीकरण के लिए निगम को कहा जाएगा

नए कार्ड वितरण के बाद पुराने राशन कार्डों को नियमतह नष्टीकरण किया जाता है। नगर निगम ने अगर नष्टीकरण नहीं किया है तो इस संबंध में कहा जाएगा।

**- भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

### चेक कराता हूं

पुराने राशन कार्ड डंप होने की जानकारी नहीं है। चेक कराता हूं।

**- खिरसागर नायक,** कमिश्नर जोन-5

## खबर संक्षेप

### आरंग-मंदिर हसौद मुख्य मार्ग पर संचालित ढाबे 12 बजे होंगे बंद

**रायपुर।** रायपुर पुलिस ने आरंग एवं मंदिर हसौद क्षेत्र के मुख्य सड़कों पर संचालित ढाबों को रात 12 बजे के बाद बंद करने के निर्देश दिए हैं। मंदिर हसौद थाने में मंगलवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नया रायपुर ने आरंग एवं मंदिर हसौद क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर स्थित ढाबा मालिकों की बैठक ली। इस बैठक में ढाबा संचालकों को ढाबा रात 12 बजे तक अनिवार्य रूप से बंद करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान ढाबों में गैरकानूनी रूप से शराब नहीं पिलाने, सीसीटीवी कैमरे लगाने, गैरकानूनी गतिविधियां न हो, नशीली गतिविधियों में शामिल व्यक्ति की तत्काल सूचना पुलिस को देने के लिए भी कहा है।

### सार्वजनिक स्थल पर गांजा फूंकते पकड़ा गया

**रायपुर।** आजाद चौक पुलिस ने गांजा पीते हुए एक गंजेड़ी को धर दबोचा। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कारी तालाब गार्डन आमापारा के पास एक व्यक्ति गांजा पी रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी आयुष शुक्ला निवासी ब्राह्मणपारा को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक चिलम एवं 20 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत दो सौ रुपए है। पुलिस ने इस मामले में धारा 27 एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

दस जोन के 10 एआरओ, 5 एआरआई की टीम ने पूरे एरिया को 10 ब्लॉक में बांटकर किया काम पूरा

# कमाई बढ़ाने गंज मंडी की 600 दुकानों मकानों का सर्वे पूरा, अब बनेगा प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के गंज बाजार क्षेत्र की 600 दुकानों, मकानों, मंदिर, बाजार, स्कूल और पार्किंग स्थल सहित रोड टू रोड सर्वे का काम नगर निगम की टीम ने पूरा कर लिया है। निगम के 10 जोन के 10 एआर और 5 एआरआई की टीम बनाकर गंज क्षेत्र को 10 ब्लॉक में बांटते हुए मैप तैयार कर यह सर्वे दो दिन में पूरा किया गया। सर्वे पूरा होने के बाद बाजार विभाग और योजना शाखा की टीम अपनी रिपोर्ट जल्द ही निगम आयुक्त को सौंपेगी। बताया जा रहा है कि इस रिपोर्ट के आधार पर प्लान तैयार किया जाएगा। सर्वे में पता चला है कि दुकानों में से कई ऐसी हैं, जिसके मालिक बदल गए हैं, कई ने दुकान का एरिया बढ़ा लिया है और कुछ ने एक्सटेंशन भी करा लिया है। अब रिपोर्ट के आधार पर नए सिरे से टैक्स तय किया जाएगा।

राजधानी के 26 एकड़ एरिया में विकसित गंज बाजार क्षेत्र को सुव्यवस्थित कर नगर निगम 600 दुकानों का डाटा ऑनलाइन दर्ज कर रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से दुकानों की स्थिति, उसका क्षेत्रफल, अतिरिक्त निर्माण, संबंधित दस्तावेज और दुकान का स्वामित्व का भौतिक सत्यापन किया गया है। शुरुआत में बाजार विभाग की ▶▶|शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार

## निगम कमिश्नर, बाजार विभाग उपायुक्त ने भी किया स्थल जाकर निरीक्षण





■ योजना शाखा और बाजार विभाग निगम आयुक्त को सौंपेंगे रिपोर्ट

### पार्किंग से मिलने लगेगा शुल्क, लोगों को राहत

नगर निगम के बाजार विभाग द्वारा गंज क्षेत्र में 3 अलग-अलग पार्किंग शुरू करने से एक नियमित आय पार्किंग शुल्क के रूप में मिलने लगेगी। अभी तक यह पार्किंग वाली जगह का उपयोग नहीं होने से नगर निगम को इससे नुकसान हो रहा था। सर्वे के बाद पार्किंग वाली जगह को टेंडर कर लोगों की सुविधा के लिए पार्किंग के रूप में उपयोग किया जा सकेगा। इससे गंज क्षेत्र के दुकानदार सहित आसपास के लोगों को सुरक्षित पार्किंग की जगह मिलने लगेगी।

### मकान, मंदिर, बाजार, पार्किंग एरिया का बन रहा डाटा

नगर निगम गंज बाजार क्षेत्र स्थित पुराने मकान, दुकान, मंदिर, बाजार के अलावा 3 पार्किंग एरिया, स्कूल और संबंधित मार्ग का रोड टू रोड अपडेट डाटा तैयार कर रहा है। विभागीय अधिकारियों की मानें तो सर्वे रिपोर्ट आने के बाद गंज मंडी क्षेत्र के ऐसे एरिया जो विवादित न हो, उस पर प्रारंभिक तौर नए प्रोजेक्ट की शुरुआत की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक गंज मंडी एरिया प्रोजेक्ट के लिए केन्द्र सरकार से नगर निगम को बड़ा फंड मिलने की उम्मीद है।

### 25 फीसदी बढ़कर मिलेगा किराया

गंज मंडी बाजार क्षेत्र में सर्वे के बाद संबंधित दुकानों से 25 फीसदी ज्यादा राशि किराये के रूप में नगर निगम को मिलेगी। सर्वे में यह बात भी सामने आयी कि कुछ दुकानदार की एक अरसे से पहले मृत्यु हो चुकी है। उनके वारिस दुकान का किराया बढ़ने के डर से नाम ट्रांसफर नहीं कराये हैं। वे पुराने दर पर ही किराया का भुगतान करते आ रहे हैं। अब ऐसा नहीं होगा नाम ट्रांसफर कराने के साथ ही संबंधित वारिस को बढ़े हुए दर पर दुकान किराया देना होगा। इस तरह बढ़ी हुई राशि से निगम को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा। ऐसे दुकानदारों की संख्या दर्जन भर से ज्यादा है।

# सताने लगी उमस भरी गर्मी, दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ अगस्त का पहला सप्ताह सूखा, अभी मानसून ब्रेक वाली स्थिति

जुलाई की विदाई के बाद थमी बारिश के प्रभाव से अब उमस भरी गर्मी सताने लगी है। दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने की वजह से पुनः एसी-कूलर का उपयोग शुरू हो गया है। मानसून आने के बाद पहली बार अगस्त के महीने में ब्रेक की स्थिति बनी है।

जुलाई का कोटा पूरा करने के बाद दूर चले गए मानसून के अब अगस्त के दूसरे सप्ताह में आने की उम्मीद है। बारिश नहीं होने की वजह से पिछले दो तीन दिन से गर्मी अपना असर दिखा रही है और दिन के साथ रात का पारा भी सामान्य से अधिक दर्ज किया जा रहा है। मंगलवार को भी ऐसी ही स्थिति बनी रही और दिन में धूप-छांव के बीच रायपुर का अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक था।

इसके पूर्व न्यूनतम तापमान 26 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया था। वर्तमान में बारिश नहीं होने और वातावरण में मौजूद नमी के कारण उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में मानसून द्रोणिका का पूर्वी छोर अरुणाचल प्रदेश की ओर चला गया है जो मानसून ब्रेक की स्थिति कहलाता है। इसके कारण प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। यहां बारिश की गतिविधि दूसरे सप्ताह में ही बढ़ने की संभावना है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा 40 मिमी. करतला में दर्ज की गई।

# रिश्वत कांड का असर नैक टीम ने किया भोजन से भी इंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि में नैक टीम मंगलवार को निरीक्षण के लिए पहुंची। पांच सदस्यीय टीम में से दो सदस्य निरीक्षण के लिए कैंपस पहुंचे, जबकि तीन सदस्य ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। ऐसा पहली बार हो रहा है, जब कुछ सदस्य भौतिक निरीक्षण के लिए आए हैं जबकि कुछ डिजिटली निरीक्षण कर रहे हैं। नैक विजिट के दौरान विवि कैंपस में फोटोग्राफी पूर्णतः प्रतिबंधित रखी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भौतिक निरीक्षण के लिए आए दो सदस्यों में से एक तमिलनाडु जबकि एक कोल्हापुर विवि के फैकल्टी हैं। वहीं ऑनलाइन माध्यम से निरीक्षण करने वालों में एक बनारस हिंदू विवि के प्रोफेसर हैं, जबकि शेष अन्य दो की जानकारी साझा नहीं की गई है। कुछ माह पूर्व नैक टीम द्वारा पैसे लेकर अच्छी ग्रेडिंग देने के आरोप लगे थे। इस बार नैक ग्रेडिंग के लिए पहुंची टीम भोजन सहित अन्य किसी भी तरह के आवाभगत से बचती रही। अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सख्त निर्देश दिए गए थे कि वे अपने रोजमर्रा के कार्य करते रहें, ना कि स्वागत के लिए विशेष रूप से तैयार रहें।

■ रविवि : 7 अगस्त तक चलेगा निरीक्षण इसके बाद मिलेगी नई ग्रेडिंग

### विद्यार्थियों से पूछा सॉफ्टवेयर का वर्जन

डिजिटल निरीक्षण के दौरान नैक सदस्यों ने अपना कैमरा ऑफ रखा था अर्थात वीडियो कॉलिंग में केवल विवि द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली चीजें ही दिखाई दीं, निरीक्षण दल के सदस्यों के चेहरे नहीं अपितु केवल आवाज ही सुनाई दी। प्रथम दिवस लैंग्वेज लैब, मनोविज्ञान विभाग सहित कई अन्य विभागों का निरीक्षण किया गया। लैंग्वेज लैब में उपस्थित छात्रों से सॉफ्टवेयर के वर्जन सहित अन्य सवाल पूछे गए, जिसका छात्रों ने सही जवाब दिया। आज भूतपूर्व छात्रों सहित वर्तमान छात्रों से नैक टीम के सदस्य प्रत्यक्ष सवाल-जवाब करेंगे, जबकि गुरुवार को प्राध्यापकों व स्टॉफ के साथ संवाद रखा गया है।

# नक्सलियों की आगजनी में जली मशीन 20 लाख मुआवजा देगी बीमा कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नक्सलियों की आगजनी में जली एक मशीन के मुआवजा प्रकरण में राज्य उपभोक्ता फोरम ने बीमा कंपनी की याचिका को खारिज करते हुए लगभग 20 लाख रुपए मुआवजा राशि देने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार प्रदेश के बीजापुर जिले में नक्सलियों ने एक मशीन को आग लगा दी थी। जिस मशीन को आग लगाई गई थी, उसका बीमा द न्यू इंडिया इंश्योरेंस में कराया गया था। मशीन के मालिक ने आगजनी से हुए नुकसान के लिए बीमा कंपनी में क्लेम किया था, लेकिन कंपनी ने मुआवजा देने से इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित पक्षकार ने जिला उपभोक्ता फोरम में प्रकरण लगाया था। इस प्रकरण में पक्षकार के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कंपनी को मुआवजा राशि देने का आदेश सुनाया था। इस आदेश के विरुद्ध कंपनी ने राज्य उपभोक्ता फोरम में अपील की थी। राज्य उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष जस्टिस गौतम चैरड़िया और सदस्य प्रमोद कुमार वर्मा की पीठ ने इस प्रकरण में फैसला सुनाते हुए इंश्योरेंस कंपनी को मुआवजा की राशि 19.90 लाख रुपए 7 प्रतिशत सालाना ब्याज सहित चुकाने का आदेश दिया है, साथ ही मानसिक पीड़ा के लिए 10 हजार और वाद व्यय के 5 हजार अलग से देने का भी निर्देश दिया है।

■ राज्य उपभोक्ता फोरम ने सुनाया फैसला

# लोगों के गुम हुए 250 मोबाइल दूसरे राज्यों में मिले, पुलिस ने ढूंढकर लौटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले के विभिन्न थानों में मोबाइल गुम जाने की दर्ज शिकायतों के आधार पर पुलिस ने जांच करते हुए 250 मोबाइल को ढूंढ निकाला है। इन मोबाइलों को छत्तीसगढ़ के साथ उत्तरप्रदेश, ओड़िसा, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, झारखंड, बिहार सहित अन्य राज्यों से बरामद किया है। बरामदगी के बाद पुलिस ने उन लोगों को मोबाइल लौटाए, जिनके गुम हुए थे। ▶▶|शेष पेज 13 पर



बरामद मोबाइल की कुल कीमत 50 लाख : पुलिस टीम ने गुम हुए कुल 250 मोबाइल बरामद किए हैं। इन मोबाइलों की कुल कीमत लगभग 50 लाख रुपए आंकी गई है।

### गुम मोबाइल थाना में जमा करने वाले को पुलिस करेगी सम्मानित

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने इस दौरान आम लोगों से अपील की है कि अगर किसी को लावारिस मोबाइल मिलता है, तो उसे तत्काल साइबर सेल सिविल लाइन में जमा करें। ऐसा करने वाले व्यक्ति को रायपुर पुलिस सम्मानित करेगी।

### गुम हुए मोबाइल को बरामद करने पुलिस चला रही विशेष अभियान

लोगों के गुम या चोरी हुए मोबाइल को ढूंढने के लिए रायपुर पुलिस विशेष अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट तथा थानों की संयुक्त टीम गुम या चोरी हुए मोबाइल के आवेदनों पर उनके मोबाइल को ढूंढने का विशेष अभियान चलाते हुए प्रदेश सहित देश के कई राज्यों की पुलिस से ▶▶|शेष पेज 13 पर

इसी समस्या का जगदलपुर-रायपुर की फ्लाइट पर लगा था ग्रहण

# यात्रियों के संकट से अंबिकापुर-बिलासपुर की उड़ान बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भीतर दो शहरों को हवाई मार्ग से जोड़ने की योजना सफल होती नहीं दिख रही है। पर्याप्त संख्या में यात्री नहीं मिलने की वजह से शुरू होने वाली फ्लाइट कुछ ही दिनों में बंद हो जा रही है। तीन शहर अंबिकापुर, बिलासपुर और रायपुर को हवाई कनेक्टिविटी देने वाली छोटी फ्लाइट फिलहाल बंद कर दी गई है। इसके पूर्व जगदलपुर-रायपुर को जोड़ने वाली दो कंपनियों की फ्लाइट का संचालन भी यात्री संकट की वजह से रोका जा चुका है।

क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों द्वारा दो शहरों के बीच फ्लाइट की शुरुआत तो की जाती है, मगर कुछ दिनों बाद ही



उसके संचालन में समस्या आन खड़ी होती है। कुछ ऐसा ही छत्तीसगढ़ में कुछ शहरों को राजधानी रायपुर से जोड़ने की योजना के साथ भी हो रहा है। यहां सबसे पहले जगदलपुर-रायपुर के बीच विमान सेवा की शुरुआत की गई। तीन विमानन कंपनियों ने अलग-अलग समय में दोनों शहरों के बीच यात्री विमान संचालित करना शुरू किया। कुछ दिनों तक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### छोटी फ्लाइट, फिर भी यात्री कम

फ्लाई बिग द्वारा तीन शहरों को जोड़ने के लिए 19 सीटर छोटे एयरक्राफ्ट का उपयोग किया गया था और उसके लिए किराया भी बेहद कम रखा था। शुरुआती दिनों में कुछ यात्रियों ने अपना सफर पूरा किया, इसके बाद फ्लाइट में यात्री की समस्या होने लगी। कंपनी ने कई बार यात्री नहीं होने की वजह से अपने उड़ान पर ब्रेक भी लगाया। इस फ्लाइट में यात्रा करने के लिए एयरलाइंस कंपनी ने टिकट बुकिंग की सुविधा सीधे अपने साइट पर दी थी। इसके लिए किसी ना ट्रैवल्स संचालकों से अनुबंध किया गया था और न सिटी अथवा एयरपोर्ट में बुकिंग काउंटर खोला गया था।

### तीन एयरलाइंस कंपनियों की कोशिश नाकाम

जगदलपुर-रायपुर के बीच विमान सेवा शुरू करने सबसे पहले एयर ओडिशा ने विमानतल प्राधिकरण से अनुबंध किया था। तीन शहरों के बीच यात्रा करने के बाद भी इसके लिए पैसेंजर की समस्या आन खड़ी हुई। विमानन कंपनी ने बीच में अपना करार खत्म कर लिया। इसके एलायंस एयर ने दोनों शहरों के साथ हैदराबाद तक की यात्रा के लिए फ्लाइट शुरू की। इंडिगो भी अपनी एक फ्लाइट इसी सेक्टर में लेकर आई, मगर कम यात्रियों की परेशानी की वजह से उन्होंने फ्लाइट के संचालन से अपन हाथ खींच लिया।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411



## खबर संक्षेप



### एम्स के वीआरडीएल प्रयोगशाला को मिली एनएबीएल मान्यता

**रायपुर।** एम्स के वीआरडीएल लैब को एनएबीएल ने कोविड, हेपेटाइटिस बी और सी के वायरल लोड सहित दर्जनभर वायरस की पहचान के लिए मान्यता प्रदान की है। वर्ष 2018 में स्थापित यह प्रयोगशाला न केवल एम्स रायपुर में आने वाले मरीजों को निदान सेवाएं प्रदान कर रही है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ से आने वाले नमूनों की जांच भी करती है। यह लैब कोविड-19, हेपेटाइटिस और डेंगू की जाँच में प्रमुख भूमिका निभा रही है और चिकनपॉक्स, कंजंक्टिवाइटिस एवं मम्प्स जैसे वायरल रोगों के प्रकोप की जांच में भी सक्रिय भागीदारी निभाती है। यह प्रयोगशाला राज्य की कोविड-19 जांच, गुणवत्ता नियंत्रण और एसएआरएस-कोवी-2 के संपूर्ण जीनोम अनुक्रमण हेतु राज्य नोडल केंद्र के रूप में भी कार्य करती है।

### मरीज की सेवा को ड्यूटी न समझें : जायसवाल

**रायपुर।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने डिमरापाल स्थित स्व. श्री बलीराम कश्यप स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को मानवीय दृष्टिकोण से कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि मरीजों की सेवा को केवल ड्यूटी न समझें, बल्कि सेवा भाव के साथ इस क्षेत्र में अपना योगदान दें। शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी समिति की बैठक में कुल 14 करोड़ 46 लाख के विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, महापौर संजय पाण्डेय, कमिश्नर डोमन सिंह, कलेक्टर हरिस एस, मेडिकल कालेज के डीन, अस्पताल अधीक्षक समेत स्वशासी समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### समग्र ब्राह्मण परिषद का पार्थिव शिवलिंग निर्माण और रूद्राभिषेक आज

**रायपुर।** समग्र ब्राह्मण परिषद छग जनकल्याण एवं सनातन धर्म तथा राष्ट्रहित के उद्देश्य से बुध प्रदोष तिथि 6 अगस्त को श्री महामाया देवी मंदिर पुरानी बस्ती में एकादश सहस्त्राणि (11 हजार) पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक पूजन के साथ महाआरती का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस आरक्षक के लिए आवेदन प्रारंभ

**रायपुर।** व्यापम ने आरक्षक संवर्ग के लिए आयोजित होने वाली लिखित भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए हैं। पुलिस मुख्यालय के अंतर्गत जिला पुलिस बल के रिक्त पद इस भर्ती के माध्यम से भरे जाएंगे। आवेदन प्रक्रिया 5 से 27 अगस्त तक चलेगी। परीक्षा की संभावित तिथि 14 सितंबर है। विस्तृत अधिसूचना व्यापम की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

:: आम सूचना ::

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि जिसका विवरण :- मौजा गोगांव, वार्ड क्र. 02, रामकृष्ण परमहंस वार्ड प.ह.नं.-107/50, रा.नि.मं.-रायपुर खसरा नं.-495/7 का भाग वर्तमान में खसरा नं.-495/100 रकबा 1632 वर्गफीट विकास नगर जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है जिसे विधिवत बैनामा पंजीयन दिनांक- 15/04/2019 को विक्रेता देवकुमार पिता श्री जोहन कोसले बतौर मुख्त्यार आम से मेरे पक्षकारगण ने विक्रय बैनामा का प्रतिफल प्रदान करते हुए निष्पादित कराया था उक्त दिनांक से आज दिनांक तक मेरे पक्षकारगण उक्त भूमि पर काबिज है, मेरे पक्षकारगण को उक्त सूचना प्राप्त हुई है कि उक्त भूमि को कुछ लोगों के द्वारा बेचने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है जिस पर संज्ञान लेते हुए मै आपको सूचित करता हूं कि उक्त भूमि मेरे पक्षकारगण के द्वारा क्रय की गई भूमि है एवं उक्त भूमि के संबंध में कोई भी सौदा करने के पूर्व मेरे पक्षकारगण एवं मेरे कार्यालय में तस्दीक कर लेवे, अन्यथा आपके विरुद्ध मेरे पक्षकारगण कानूनी कार्यवाही करेंगे। अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के स्वत्व, अधिकार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभागों को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते में कार्यालयीन समय पर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकारगण उक्त संबंध में कानूनी कार्यवाही हेतु स्वतंत्र है। उक्त भूमि को किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा अगर विक्रय किया जाता है तो उक्त विक्रय विलेख को प्रारंभतः शून्य माना जावेगा, जो कि आप पर बंधनकारी होगा। सो सूचना जाने ।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-

भवदीय
नितिन यदु (अधिवक्ता)
कार्यालयः- दीपक मोबाईल सेन्टर के पास मुख्य मार्ग वार्ड-56 कैलाशपुरी रायपुर (छ.ग.) मो. नं. - 9302756557

# प्रदेश में पहली बार 660 मेगावाट के दो संयंत्र, पानी से भी बनेगी 7300 मेगावाट बिजली

## मुख्यमंत्री के गृह जिले जशपुर में 21 और 14 सौ मेगावाट के लगेंगे दो प्लांट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार राज्य में बिजली का उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है। 14 हजार मेगावाट की योजनाओं पर काम चल रहा है। पहले चरण में मार्च में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरबा में 660 मेगावाट के दो संयंत्रों के निर्माण का उद्घाटन किया है। सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर प्रोजेक्ट की 660 मेगावाट की दो इकाइयों का निर्माण भारत हैवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड (भेल) के सहयोग से किया जाएगा। संभावना है कि इस माह से इसका काम प्रारंभ हो जाएगा। इसका निर्माण 2029 तक पूरा करने का लक्ष्य है।



छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य उत्पादन कंपनी के कोरबा पश्चिम में 660 मेगावाट के दो संयंत्र बनेंगे। इसके निर्माण कार्य का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कर दिया है।

इसके पहले सबसे बड़े दो संयंत्र 500-500 मेगावाट के मड़वा में लगे थे। कोरबा पश्चिम में पॉवर कंपनी के पास अपनी जमीन भी है। यहां 60 साल पुराने 50 मेगावाट के चार और 120 मेगावाट के दो संयंत्र प्रदूषण के कारण बंद हो चुके हैं। अब उसी स्थान पर नए संयंत्र पर काम प्रारंभ किया जाएगा। मड़वा में भी 660 मेगावाट का एक संयंत्र लगाने की योजना है।

### पांच स्थानों पर पानी से बनेगी बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा में आठ सौ और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7300 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

### लगातार बढ़ रही है खपत

प्रदेश में लगातार बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। अब तो खपत सात हजार मेगावाट के भी पार हो गई है। इस साल गर्मी में खपत का नया रिकार्ड बनाया है। इस बार मार्च में ही बिजली की खपत 65 सौ मेगावाट के पार हो गई थी। जहां तक अपने राज्य में पॉवर कंपनी के संयंत्रों में बिजली के उत्पादन का सवाल है तो इसकी क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन हमेशा 22 से 25 सौ मेगावाट ही उत्पादन होता है। बिजली की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर या फिर निजी उत्पादकों से बिजली खरीदनी पड़ती है। अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी बिजली का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रदेश सरकार की मंजूरी से लगातार योजनाएं बना रही है।

# साय ने की विभाग की समीक्षा, मनाएंगे कौशल तिहार कहा- युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को रोजगार से जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में कौशल विकास विभाग की समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि युवाओं के कौशल प्रशिक्षण को सीधे रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं को आत्मनिर्भर और सक्षम बनाना है।

इसके लिए विभाग द्वारा निरंतर नवाचार और प्रभावी कार्ययोजना आवश्यक है। समीक्षा के दौरान कौशल तिहार 2025' के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। मुख्यमंत्री ने बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए वर्ष 2025–26 के लिए जिलेवार प्रशिक्षण उपलब्धि और आबंटित बजट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0, और प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी ली।

### आत्मसमर्पित नक्सलियों को भी ट्रेनिंग

मुख्यमंत्री ने 'नियद नेल्ला नार' योजना के तहत आत्मसमर्पित माओवादियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि अब तक 549 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है, जबकि पुनर्वास केंद्रों में 382 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में पीएम जनमन योजना के तहत अत्यंत



पिछड़ी जनजाति (पीवीटीजी) के युवाओं को दिए जा रहे कोर्सवार प्रशिक्षण की भी समीक्षा की गई।

### उपस्थिति में आई तेजी

बैठक में विभागीय उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1 जुलाई 2025 से मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत चेहरा-आधारित स्कैनिंग प्रणाली द्वारा प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति दर्ज की जा रही है, जिससे पारदर्शिता और निगरानी में सुधार हुआ है। बैठक में विभाग द्वारा निजी संस्थाओं के साथ किए गए एमओयू की जानकारी भी साझा की गई, जिनमें नांदी फाउंडेशन और महिंद्रा एंड महिंद्रा संस्थानों से किए गए समझौते शामिल हैं। इन संस्थानों के माध्यम से राज्य में गुणवत्ता आधारित प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

### अब मनाएंगे कौशल तिहार

बैठक में 'कौशल तिहार 2025' के आयोजन की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई, जिसका उद्देश्य युवाओं में कौशल के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह प्रतियोगिता जिला और राज्य स्तरीय दो चरणों में आयोजित की जाएगी, जिसमें दो आयु वर्ग – 22 वर्ष से कम एवं 22 वर्ष से अधिक – के प्रतिभागी भाग लेंगे।

### मिलेगा इनाम, चीन जाने का मौका भी

जिला स्तर पर प्रत्येक ट्रेड और आयु वर्ग से दो विजेताओं का चयन किया जाएगा, जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तर के विजेताओं को पुरस्कार, ट्रॉफी और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। उन्हें इंडिया स्किल्स 2025 की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाएगा, जहां से चयनित प्रतिभागी 'वर्ल्ड स्किल्स 2026', शंघाई (चीन) में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### मंत्री केदार, सीएस और अफसर हुए शामिल

बैठक में वन एवं कौशल विकास मंत्री केदार कश्यप, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, कौशल विकास विभाग के सचिव एस. भारतीदासन तथा छत्तीसगढ़ राज्य कौशल विकास अभिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विजय दयाराम के सहित अन्य वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## वन्य प्राणियों से नुकसान की क्षतिपूर्ति जल्द दी जाए : साय

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि हिंसक वन्य प्राणियों द्वारा जनहानि, पशु हानि एवं फसल क्षति के प्रकरणों में त्वरित, नियमानुसार एवं संवेदनशीलता से क्षतिपूर्ति सहायता प्रदान की जाए। वनांचल में निवासरत लोगों को कई बार वन्य प्राणियों के हमलों से अपनों को खोने की पीड़ा सहनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में प्रभावितों के दुख-दर्द का मानवीय दृष्टिकोण से शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। मुख्यमंत्री श्री साय मंगलवार को मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हाथी-मानव द्वंद्व और अन्य हिंसक वन्य प्राणियों द्वारा जनहानि, पशुहानि एवं फसल क्षति की घटनाएं राज्य के वनांचल क्षेत्रों में चुनौती बनकर उभर रही हैं। ऐसी स्थितियों में शासन की जिम्मेदारी है कि पीड़ितों को शीघ्र एवं न्यायसंगत सहायता उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित प्रकरणों का नियमानुसार त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जंगली हाथियों द्वारा धान जैसी प्रमुख फसल के अतिरिक्त गन्ना, केला, पपीता एवं कटहल जैसी नगदी फसलों को भी भारी नुकसान पहुंचाया जाता है, जिससे किसानों को आर्थिक ही नहीं, मानसिक रूप से भी दोहरी मार झेलनी पड़ती है। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में प्रदत्त व्यक्तिगत वनाधिकार पट्टों की अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली।

### वनमंत्री केदार ने कही ये बात

बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त सहायता समय पर प्रभावितों तक पहुंचे, इसके लिए विभागीय समन्वय को और अधिक मजबूत किया जाए। जनहानि, स्थायी अपंगता, पशुहानि, मकान क्षति तथा फसल हानि के लिए दी जाने वाली क्षतिपूर्ति दरों में वृद्धि किए जाने का प्रस्ताव भी बैठक में प्रस्तुत किया गया। बैठक में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति के आरबीसी के प्रावधानों के अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि पर भी चर्चा की गई।

### सीएस समेत अफसर हुए शामिल

बैठक मे मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव (वन) ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, कृषि विभाग की सचिव शहला निगार, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी सचिव अंकित आनंद, सचिव (वन) अमरनाथ प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्य प्राणी) सुधीर अग्रवाल, अपर मुख्य वन संरक्षक प्रेम कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी जरूरी : बृजमोहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, देश की कृषि नीति में ऑर्गेनिक, आयुर्वेदिक और प्राकृतिक खेती को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। सरकार को जिस प्रकार से रासायनिक खाद और कीटनाशकों पर सब्सिडी दी जा रही है, उसी प्रकार जैविक खेती पर भी सब्सिडी देने की तत्काल पहल की जानी चाहिए। श्री अग्रवाल ने कहा, रासायनिक खादों और कीटनाशकों से जहां एक ओर पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर जमीन की उर्वरता भी समाप्त हो रही है। यदि सरकार जैविक और वैदिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को सब्सिडी और तकनीकी सहायता प्रदान करे, तो देश का भविष्य सुरक्षित होगा और आम जनमानस को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ में कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने हॉर्टिकल्चर, फ्लोरीकल्चर और डेयरी के क्षेत्र में कई योजनाएं शुरू की थीं, लेकिन किसानों की भागीदारी सीमित रही। अब आवश्यकता है कि कृषि विज्ञान केंद्रों के माध्यम से किसानों को गहराई से प्रशिक्षित किया जाए और उन्हें इन नए विकल्पों की ओर प्रेरित किया जाए। श्री अग्रवाल ने कहा, देशभर में फैली वर्जिन लैंड (बंजर भूमि) को कृषि के लिए उपयुक्त बनाकर किसानों की आय में वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि किसान परंपरागत फसलों जैसे धान और गेहूं के स्थान पर ऑर्गेनिक, प्राकृतिक, हर्बल फसलें और बागवानी, पुष्पवानी एवं पशुपालन की ओर अग्रसर हों।

# भाजपा का 50 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री एवं हर घर तिरंगा अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक सुनील बंसल ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान आजादी के अमृत महोत्सव से प्रारंभ हुआ जो लगातार चल रहा है। छत्तीसगढ़ में भी हर घर तिरंगा अभियान की सफलता को लेकर प्रदेश जिला एवं मंडल स्तर पर टीम बनाकर कार्यशाला करना है। अभियान में छत्तीसगढ़ में 50 लाख घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य तय किया गया है।

श्री बंसल मंगलवार को यहां कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर आहूत बैठक को संबोधित कर रहे थे। श्री बंसल ने कहा कि तिरंगा यात्रा में युवा मोर्चा एवं महिला मोर्चा की भागीदारी सुनिश्चित की गई है ताकि इस अभियान में युवा और महिलाओं को जागृत किया जा सके। इसके साथ ही ऑपरेशन सिंदूर और उससे पूर्व पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को नमन करते हुए इस अभियान को पूर्ण करना है। ऑपरेशन



सिंदूर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत की वैश्विक पहचान को और ज्यादा मजबूत किया है। इसके साथ ही 10 अगस्त से 14 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान मंडल से लेकर बूथ स्तर तक यह कार्यक्रम करना है। हर घर तिरंगा अभियान पिछली बार की तुलना में इस बार और प्रभावी रूप से हो, इस पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के तीसरी कड़ी में स्वाधीनता संग्राम में शहीद लोगों के मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा, साथ ही शहीद सेनानियों की प्रतिमाओं, चित्रों पर माल्यार्पण का भी कार्यक्रम किया जाएगा।

### हम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करेंगे : जामवाल

भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान में 50 लाख घरों में तिरंगा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। तिरंगा अभियान के माध्यम से हम लोगों में देशभक्ति और राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करेंगे। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान के माध्यम से हम लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना को सर्वोपरि करेंगे। कार्यक्रम में शहीद परिवार के लोगों का सम्मान किया जाएगा। प्रदेश के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए प्रशासन अपनी ओर से पूर्ण सहयोग करेगा। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा, हर घर तिरंगा अभियान के तहत पिछली बार 25 लाख घरों में तिरंगा लगा था, इस वर्ष 50 लाख घरों में तिरंगा फहराने का संकल्प है। हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के संयोजक नीलू शर्मा ने कहा, मोर तिरंगा-मोर अभिमान' अभियान पूरे छत्तीसगढ़ और देशभर के विभिन्न राज्यों में चलाया जाएगा।

# शिवसेना के हस्ताक्षर अभियान को रवि भवन के व्यापारियों ने दिया समर्थन पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गोरक्षा के लिए और गोमाता को राज्यमाता घोषित करने सहित कई मांगों को लेकर गत दिनों से शिवसेना के पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की है। अभियान के तीसरे चरण में रायपुर संभाग में 5 अगस्त को शहर के हृदयस्थल जय स्तंभ चौक पर स्टॉल लगाकर हस्ताक्षर अभियान से आम जनता को जोड़ने का कार्य शिवसेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कर रहे हैं। मंगलवार को रवि भवन व्यापारी संगठन ने भी शिवसेना के हस्ताक्षर अभियान को समर्थन पत्र सौंपा। शिवसेना के प्रदेश महासचिव रेशम जांगड़े ने बताया कि गोमाता की हत्या बंद करने, गो-तस्करी की गाड़ी राजसात करने, गोहत्या करते पाए जाने पर हत्या का मामला दर्ज करने, गांव गांव स्थित



गोठानों को गोशाला का नाम देकर घुमंतू पशुओं को सुरक्षित रखने एवं कलेक्टर दर पर दो गो-सेवक रखने, गोमाता को राज्यमाता घोषित करने को लेकर 3 जुलाई को शिवसेना प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार ने हस्ताक्षर अभियान सभी संभागों में करने की शुरुआत की है। 23 जुलाई को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उच्चस्तरीय बैठक कर गो-सुरक्षा के लिए विशेष चर्चा की थी। इस अभियान में प्रदेश पदाधिकारी मधुकर पाण्डेय, संतोष शुक्ला, राधारमन पाण्डेय, एचएन सिंह, संजय नाग, सन्नी देशमुख, हिमांशु शर्मा, बल्लू जांगड़े, संतोष मार्कंडेय, सूरज साहू, शंकर चेनानी, कमलाकर यादव, आनंद तिवारी, विजय नाग,अजय शुक्ला, सूरज गुप्ता, साई प्रजापति, नरेंद्र प्रजपति, संजू साहू, अमर नायक, खिलावन साहू, प्रमोद साहू, हरीश यादव एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

स्पीकर ओम बिरला ने कैट प्रतिनिधिमंडल का किया स्वागत

# संसद में पहली बार देशभर के व्यापारियों के लिए विशेष भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के व्यापारियों के लिए मंगलवार का दिन खास रहा। दिल्ली के संसद में कैट के व्यापारियों के लिए एक विशेष दौरे का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक मौके पर देशभर से आए 150 प्रमुख व्यापारी नेताओं को नए और पुराने संसद भवन का भ्रमण कराया गया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कैट के प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश चेयरमैन मगेलाल मालू, विक्रम सिंहदेव, प्रदेश एक्जिक्यूटिव चेयरमैन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि कैट के नेतृत्व में मंगलवार को संसद में कैट के व्यापारियों के लिए एक विशेष दौरे का आयोजन किया



गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर देशभर से आए लगभग 150 प्रमुख व्यापारी नेताओं को नए और पुराने संसद भवन का भ्रमण कराया गया और उन्हें संसद सत्र का प्रत्यक्ष अनुभव करने का अवसर भी मिला। श्री पारवानी ने बताया कि इस दौरे का मुख्य आकर्षण तब बना जब कैट व्यापारियों को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने संसद परिसर स्थित अपने मीटिंग कक्ष में संबोधित किया। अपने संबोधन में श्री बिड़ला ने कहा कि "कैट व्यापारियों का देशव्यापी संगठन है, जो पूरे देश में व्यापारियों के लिए कार्य कर रहा है। व्यापारी और व्यापार देश की रीढ़ की हड्डी है। व्यापारी न केवल रोजगार सृजित करता है बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

उन्होंने आगे कहा कि बदलते हुए आर्थिक वातावरण को ध्यान में रखते हुए व्यापारियों को अपने स्तर को ऊंचा उठाना होगा। हम सभी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को दोहराते हुए कहा कि व्यापारियों को देश और अपने हित मे अब स्वदेशी समान बेचना और खरीदना चाहिए।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### छात्राओं ने सैनिको के लिए भेजी रखी

**आरंग।** राधा कृष्ण विद्या मंदिर उच्च मा. विद्यालय आरंग के तरफ से कक्षा तीसरी से कक्षा बारहवीं तक के बहनों ने अपने हाथों से बनाई गई राखी सैनिक भाईयों के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा को सौंपी। जिनमें चांदनी, बबीता, दीक्षा, मनीषा, रागिनी, गीतांजलि, प्रिंसी, मुस्कान, करिश्मा, अता कौसर, शाहिदा, मानसी, तारिणी, रिया, मानवी, तुलसी, प्रीति, होमिन, मोनिका, मिष्ठी, मिनाक्षी, भूमिका, इशिका, पूर्णिमा, साहिबा, जास्मिन, सपना कुमारी, त्रिवेणी, मौसीना बानो, चंचल साहू, खुशबू, नीलम, नैना, मुस्कान, जानवी, मिनाक्षी, डिम्पल, सुप्रिया, प्राची, क़ासिफ़ा, महिमा, फातिमा आदि ने राखिया तैयार की। इस अवसर पर स्कूल की शिक्षक चोखेलाल साहू एवं शिक्षिका रानू सेन, मोनिका साहू और श्वेता अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### समोदा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**आरंग।** शासकीय प्राथमिक शाला समोदा में न्योता भोज का आयोजन प्रधान पाठक कैलाश ध्रुव के द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को मिठाई, खीर, पूरी एवं बड़ा खिलाया, जिसका बच्चों ने हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रधान पाठक ने कहा कि बच्चों को खाता देखकर उन्हें बड़ा सुकून मिलता है। इस अवसर पर सहायक शिक्षक मन्नू साहू, घनश्याम आवड़े, तनुजा साहू, मृणाल पांडे, रसोईयागण सत्या बाई व अहिल्याबाई आदि उपस्थित रहे।

### सशिमं के बच्चों ने निकाली कांवड़ यात्रा

**सिलयारी।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल सिलयारी में सोमवार, 4 अगस्त को कांवड़ यात्रा और दुग्धाभिषेक का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्कूल से शुरू होकर बजरंग पारा स्थित शिवलिंग तक चला। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव-पार्वती का वेश धारण किए बच्चों की पूजा-अर्चना के साथ हुआ। समिति के सदस्यों और प्राचार्य आलोक दत्ता ने बच्चों की पूजा की। इसके बाद घोष दल के साथ एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें कक्षा अरुण से द्वितीय तक के बच्चों ने 'बोल बम' के जयकारे लगाते हुए शिव मंदिर तक की यात्रा की। मंदिर पहुंचकर सभी बच्चों ने भोलेनाथ का दूध से अभिषेक किया और आरती की। इसके बाद, लक्ष्मी ज्वेलर्स के संचालक उलेश्वर सोनी ने सभी बच्चों को प्रसाद वितरित किया।

### नेवरा में 55 वर्षीय महिला की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**तिल्दा नेवरा।** नेवरा के वार्ड क्रमांक 14 में एक 55 वर्षीय महिला, चीता बाई निर्मलकर (पति कुमार निर्मलकर) की हत्या का मामला सामने आया है। किसी अज्ञात व्यक्ति ने महिला के सिर पर चोट मारकर उसकी जान ले ली। आज सुबह नेवरा पुलिस को इस घटना की सूचना मिली, जिसके बाद पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू की। रायपुर से फोरेंसिक टीम और साइबर सेल की टीम भी जांच के लिए तिल्दा पहुंची। नेवरा पुलिस के अनुसार, अज्ञात हमलावर ने महिला के सिर पर वार कर उसकी हत्या की है, लेकिन अभी तक हत्यारे का पता नहीं चल पाया है।

## निधन

### इन्द्राणी गुप्ता

**आरंग।** बैहार निवासी इन्द्राणी गुप्ता की आकस्मिक निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 06 अगस्त को बैहार के मुक्तिधाम मे सुबह 10 बजे होगा। वह मनमोहन गुप्ता की धर्मपत्नी, रामकुमार गुप्ता, नंदकुमार गुप्ता के भाभी तथा मनीष गुप्ता व दुर्गेश गुप्ता के माँ थी।

---

**समारोह :** मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज का भव्य तीज मिलन समारोह, महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा

# हम अग्रणी समाज की संतानें हैं : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

■ मनवा कुर्मी समाज का तीज मिलन सम्पन्न

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज की महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा के नेतृत्व में, समाज एवं छात्रावास समिति तिल्दा राज के संयुक्त तत्वावधान में, कुर्मी बोर्डिंग नेवरा तिल्दा में एक भव्य तीज मिलन समारोह, सावन झूला, आनंद मेला और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के प्रांतीय प्रमुख और केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि राजप्रधान ठाकुर राम वर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरुआत जाति गौरव गान और राजगीत से हुई। इस दौरान राज महिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों और नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि खोड़स राम कश्यप ने इस अनूठे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज प्रदेश का एक अग्रणी समाज है, जिसकी गतिविधियों का अन्य समुदाय अनुसरण करते हैं। उन्होंने महिलाओं को अपनी शक्ति का उपयोग समाज, प्रदेश और राष्ट्र के विकास में निरंतर योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रादेशिक एकता का संदेश देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हम सब सबसे पहले छत्तीसगढ़िया हैं।



### सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और रक्तदान शिविर

*सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी दर्शकों का मन मोह लिया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति और देशभक्ति पर आधारित समूह नृत्य में मैना ग्रुप तिल्दा राज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, शैल कटरिया और तनु वर्मा के एकल नृत्यों ने भी खूब तालियां बटोरीं। कविताओं और लोकगीतों के माध्यम से तीज और सावन का महत्व बताया गया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ जीवन ज्योति रक्तदान समिति के मार्गदर्शन में एक विशाल रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 112 यूनिट रक्तदान हुआ। यह शिविर समिति के संस्थापक दिव्यात्मा गजाधर प्रसाद वर्मा की दसवीं पुण्यतिथि पर आयोजित किया गया था। रक्तदान करने वाले युवाओं को हेलमेट और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।*

### महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं और सम्मान

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में कई तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें मेहंदी लगाओ, रंगोली बनाओ, समूह नृत्य, फ़ैशन शो, छत्तीसगढ़ी कलेवा बनाओ, दौड़ और कुर्सी दौड़ शामिल थीं। इन प्रतियोगिताओं में दस अलग-अलग राज की विवाहित महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### प्रतियोगिताओं के विजेता

छत्तीसगढ़ी कलेवा: रीना वर्मा (खरोरा तिल्दा) प्रथम रहीं।
रंगोली: नेहा बघेल ने पहला स्थान हासिल किया। फ़ैशन शो: सीमा वर्मा को प्रथम पुरस्कार मिला।
कुर्सी दौड़: गीता वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजप्रधान ठाकुर राम ने कहा कि उनका उद्देश्य महिलाओं की प्रतिभा को मंच देना है। इस दौरान सरपंच और जनपद सदस्यों जैसी नवनिर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों का भी सम्मान किया गया।

---

# संस्कृत दिवस पर खौली में निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

श्रावण मास की पावन बेला में संस्कृत भाषा की गरिमा व सांस्कृतिक धरोहर को नमन करते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री रामलाल चन्द्राकर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खौली में भव्य संस्कृत दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल परिसर से संस्कृत शोभा रैली के रूप में हुई, जो पूरे उत्साह और गरिमा के साथ पंचायत भवन तक निकाली गई। रैली में छात्र-छात्राएं पारंपरिक वेशभूषा में संस्कृत श्लोकों कण्ठे कण्ठे संस्कृतम्, नगरे नगरे संस्कृतम्, द्वारे द्वारे संस्कृतम्, शहरे शहरे संस्कृतम्, जयतु जयतु संस्कृतम् आदि की झड़ी लगाई। रैली में शामिल समस्त शाला परिवार शाला संस्था की प्राचार्य सुनीता वर्मा, संस्कृत विषय प्रभारी निर्मला पांडेय, पंचराम साहू, केदारनाथ साहू, कुमार साहू, मेषराम साहू, जयश्री यादव, माधवी गुप्ता, संगीता पैकरा, तीज चांदेल, ऋत्रम्भरा चन्द्राकार, इन्द्र कुमार कोसले, गीता भगत, उज्जवल तिवारी, शिवकुमार गांगुली, लक्षण कुमार साहू, मोक्षी साहू, पुजा साहू, गीतांजलि अवस्थी, सुनीता मन्द्रे, अन्नपूर्णा साहू, सुपेत सहित सभी शाला परिवार संस्कृत शोभा रैली में शामिल होकर संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार में सहयोग किए।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य सुनीता वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति की आत्मा है। हमें इस धरोहर को संजोना है, ताकि आने वाली पीढ़ी भी इसकी मिठास और गूढ़ता को समझ सके।

---

# जिला स्तरीय खेल में गांधी स्कूल के विद्यार्थियों का चयन



**आरंग।** ब्लॉक स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के अंतर्गत गांधी इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल आरंग के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया है। ब्लॉक स्तर पर चल रहे अंडर 14, 17, 19 आयु के बालक-बालिका वर्ग के विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। जिसमें अंडर 19 क्रिकेट ट्रायल्स में चयन कर्ताओं ने विद्यालय की ओर से बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी कक्षा 12वीं के छात्र शाश्वत शर्मा, 11वीं के पृथ्वीराज साहू अंडर 17 के लिए कक्षा 9वीं के आदित्य चंद्राकर, मान साहू अंडर 14 क्रिकेट में कक्षा 7वीं के मोनिश कुमार साहू, समर प्रताप यदु 8वीं के आयुष शर्मा का चयन जिला स्तर हेतु किया। ये सभी विद्यार्थी जिला स्तर क्रिकेट टीम का हिस्सा बनेंगे। कराटे अंडर 14 में तीन विद्यार्थी कक्षा 7वीं के महत्व नाथ योगी, श्लोक पूरी गोस्वामी कक्षा 8वीं की छात्रा आर्याश्री, अंडर 17 में दो विद्यार्थी कक्षा 9वीं की कृतिका साहू और चिराग चंदानी का जिला स्तर हेतु चयन हुआ। ताइकांडो अंडर 17 में कक्षा 9वीं के भावेश साहू का जिला स्तर हेतु चयन हुआ। जिला स्तर पर फुटबॉल अंडर 14, 17 एवं 19 ट्रायल्स हेतु विद्यालय के 11 विद्यार्थीयों कक्षा 12वीं के निखिल दास मानिकपुरी, 11वीं के कार्तिक राम यादव, 9वीं के चिराग सोनवानी, रुद्रांश दास, 8वीं के शुभ गुप्ता, विवेक दास मानिकपुरी, 7वीं के लक्ष्य प्रताप साहू, 6वीं के आदित्य सिंह राजपूत, फ़ैजान अशरफ, कनिष्क बिसेन, दिगेंद्र साहू का चयन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य हरेश कुमार दास तथा एकेडमिक प्रभारी पुष्प लता जॉर्ज एवं विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर बच्चों को बधाई दी । विद्यालय प्रबंधन की ओर से सम्मान की घोषणा भी की गई है। जिला स्तर के लिए चयनित विद्यार्थियों को विकास खंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा ने शुभकामनाएं दीं।



## छछानपैरी में मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन

**अभनपुर।** ग्राम छछानपैरी में मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश प्रभारी ब्रम्हानंद ठाकुर,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विद्याभूषण सोनवानी, जिला पंचायत सदस्य पूजा कोसले, पूर्व जनपद सदस्य लोकमणी कोसले प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आगामी संगठनात्मक योजनाओं और जनसंपर्क अभियानों को लेकर भी रणनीति तय की गई साथ ही सर्वसम्मति से मंडल कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया, जिसमे अध्यक्ष सेवक राम पटेल, उपाध्यक्ष हेमलाल धीवर, नीलकंठ साहू, चित्ररेखा ध्रुव,कोषाध्यक्ष लीलाधर तिवारी, सचिव चुनु राम साहू, प्रमोद वर्मा, सतीश बैस, सह सचिव गणेश साहू, तुलसी पाल, मनोज साहू, मीडिया प्रभारी मनमोहन कुर्रे, कार्यकारिणी सदस्य राम जी कुर्रे, द्वारिका बांधे, हरीश चंद्राकर, जगदीश साहू, कृष्णा कुर्रे, भागवत साहू, नोहर पाल, डोमन साहू, बाबूलाल सिंहा प्रकाश साहू का नाम शामिल है।

## सशिमं के बच्चों ने निकाली कावड़ यात्रा...



**आरंग।** सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल आरंग में सावन के पवित्र महीने में बच्चों ने कांवड़ यात्रा निकाली। सुबह 11 बजे विद्यालय से शुरू हुई यह यात्रा बागेश्वर नाथ महादेव मंदिर तक गई।
यात्रा की शुरुआत विद्यालय के व्यवस्थापक राजेश साहू ने पूजा-अर्चना करके की। इस दौरान बच्चे पूरे उत्साह के साथ 'बोल बम' के जयकारे लगाते हुए कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे। कांवड़ में एक तरफ गंगाजल और दूसरी तरफ नर्मदा का जल रखा गया था।

## विधायक अनुज ने 1.36 करोड़ के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

**सिलयारी।** धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने विभिन्न विकास कार्यो का भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए । जिसमे ग्राम बरबंदा के स्वामी आत्मानंद हिंदी/अंग्रेजी उत्कृष्ट शासकीय उच्तर माध्यमिक विद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य (स्वीकृत राशि -121.16 (एक करोड़ इक्कीस लाख सोलह हज़ार रुपये) एवं ग्राम सिलतरा में सेन समाज भवन निर्माण कार्य (स्वीकृत राशि - 15 लाख) के विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। ग्राम सिलतरा में भूमिपूजन के साथ साथ शाला प्रवेशोत्सव एवं दिव्यांग सायकल वितरण कार्यक्रम भी रखा गया था। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए शाला भवन एवं अतिरिक्त कक्ष का भूमिपूजन श्री शर्मा के करकमलों से संपन्न हुआ, इस अवसर पर विधायक श्री शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर और समाज में सकारात्मक योगदान करने में मदद करती है।

उन्होंने विद्यार्थियों से लगन और निष्ठा से पढ़ाई करने की अपील करते हुए अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। विधायक शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव जी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये जा रहें हैं।

## लखौली में असामाजिक तत्वों डेरा सरपंच ने पुलिस गश्त की मांग की



**आरंग।** लखौली क्षेत्र में लगातार बढ़ रही आपराधिक गतिविधियों और असामाजिक तत्वों के कारण महिलाएं और स्कूली छात्राएं असुरक्षित महसूस कर रही हैं। छेड़छाड़ और संदिग्ध लोगों का डेरा से आवाजाही की घटनाओं से लड़कियां अकेले स्कूल जाने से डरने लगी हैं, जिससे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए ग्राम पंचायत कुकरा के सरपंच नंदलाल डहरिया ने मंदिरहसौद थाना प्रभारी को एक आवेदन सौंपा है। उन्होंने गांव में दिन में दो बार नियमित पुलिस गश्त की मांग की है। सरपंच डहरिया ने कहा कि पंचायत क्षेत्र में महिलाएं और लड़कियां खुद को असुरक्षित महसूस कर रही हैं, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही सुरक्षा व्यवस्था नहीं बढ़ाई गई, तो कोई बड़ी अप्रिय घटना हो सकती है। पंचायत प्रतिनिधियों ने मांग की है कि सुबह और शाम को स्कूल आने-जाने के समय पुलिस की गश्त सुनिश्चित की जाए, ताकि छात्राओं में सुरक्षा की भावना मजबूत हो। ग्रामीणों ने भी सरपंच की इस पहल का स्वागत करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की मांग की है। अब यह देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर विषय पर कितनी तत्परता दिखाता है।

### निगम की बड़ी...

को बांटे गए थे। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आई, जिसके बाद भाजपा सरकार ने पुराना राशन कार्ड को प्रतिबंधित कर उसकी जगह हितग्राहियों को नए राशन कार्ड बनवाकर बांटे गए। नया राशन कार्ड लेने के लिए हितग्राहियों से पुराने कार्ड जमा कराए गए थे। नए कार्ड वितरण के बाद जमा पुराने कार्डों को नष्टीकरण किया जाना था, लेकिन निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस कार्य में लापरवाही दिखाई और इन कार्डों को कूड़ा-कचरा की तरह कई जगहों पर डंप कर दिया है।
कांजी हाउस के बगल में मालखाना में पड़े मिले हजारों पुराने कार्ड शहर के लाखेनगर स्थित कांजी हाउस के बगल में निगम का एक मालखाना है। इस मालखाना को निगम अक्सर रद्दी चीजें रखने तथा जब्ती के सामान डंप करने में इस्तेमाल करता है। इस मालखाना परिसर में ही हजारों पुराने राशन कार्डों को भी डंप किया है जो लावारिस की तरह यहां पड़े हुए हैं। गलत हाथ में लगे तो दुरुपयोग एवं फर्जीवाड़ा किए जाने की संभावना राशन कार्ड में प्रत्येक धारक और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम, उम्र तथा पता का उल्लेख रहता है, वहीं राशन कार्ड में जो आईडी क्रमांक नंबर है, वहीं आई क्रमांक नंबर नए राशन कार्ड में भी है। ऐसे में अगर किसी गलत व्यक्ति के हाथ

## पेज 11 के शेष...

ये कार्ड लग जाए, तो इन कार्डों के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के नाम का भी दुरुपयोग कर फर्जीवाड़ा किया जा सकता है।

### कमाई बढ़ाने गंज...

15 सदस्यीय टीम ने एक सप्ताह तक 600 दुकानों के भौतिक सत्यापन का कार्य किया। इस दौरान स्थल पर जाकर निगम आयुक्त विश्वदीप और बाजार विभाग की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने निरीक्षण किया। टीम ने पहले गंज बाजार की दुकानों में जाकर दुकान संबंधी दस्तावेज मांगे। इस दौरान काबिज एरिया का क्षेत्रफल, दुकान के किराया की स्थिति की पड़ताल की गयी। जांच के दौरान कुछ ऐसे भी दुकानदार मिले, जिन्होंने तीन पीढ़ी से किराया बढ़ने के डर से नाम ट्रांसफर नहीं कराया है। उन्हें चिन्हांकित कर नाम ट्रांसफर कराने कहा गया है, वहीं कुछ दुकानदार ऐसे रहे जिन्होंने दुकान का एरिया बढ़ा लिया है, पर इसकी जानकारी नगर निगम को अब तक नहीं दी है। दुकानों का सर्वे होने के बाद डेटा को साफ्टवेयर में अपलोड करने का कार्य भी किया जा रहा है।

### लोगों के गुम...

अब तक एक करोड़ 10 लाख रुपए के 550 मोबाइल बरामद
रायपुर पुलिस ने इस अभियान के तहत चालू वर्ष में अब तक गुम हुए 550 मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपए आंकी गई है। इस तरह अभी तक 550 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटाए गए हैं।

### गुम हुए मोबाइल को...

मोबाइल मिलने की सूचना मिलने पर उसे डाक के माध्यम से रायपुर मंगाया जा रहा है और यहां आने के बाद मोबाइल के धारक को सूचना देकर उन्हें लौटाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में गुम हुए 250 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया।

### यात्रियों के संकट से...

शेड्यूल में उड़ान के बाद यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से उड़ान में कटौती शुरू करने के बाद इनका संचालन ही बंद कर दिया गया। कुछ ऐसा ही हाल तीन शहर अंबिकापुर, बिलासपुर और रायपुर की जोड़ने वाले छोटे एयरक्राफ्ट के साथ होता नजर आ रहा है। विमानन कंपनी ने दिसंबर में इसका संचालन प्रारंभ किया था, मगर कुछ समय बाद यात्री संकट की वजह से उसकी उड़ान सप्ताह में 6 के बजाए तीन दिन कर दिया गया था। इस फ्लाइट का संचालन अभी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। विमानन कंपनी द्वारा मानसून में विजबिलिटी की कमी का हवाला देकर इसका संचालन नहीं किया जा रहा है।

---

**परसदा में शिव-पार्वती कथा, उमड़ा आस्था का सैलाब**

# ईश्वर भाव के भूखे हैं, साधनों के नहीं : चतुर्वेदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

सावन का अंतिम सोमवार धरसींवा विधानसभा के ग्राम परसदा में एक यादगार धार्मिक आयोजन के रूप में दर्ज हुआ। यहां आयोजित शिव-पार्वती कथा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े, जिससे पूरा गांव भक्ति और आस्था के रंग में सराबोर हो गया। तिल्दा जनपद अध्यक्ष सोनू मनहरे द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में लगभग चार हजार ग्रामीणों ने भाग लिया।कथा का वाचन पद्म विभूषण जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी रामभद्राचार्य के शिष्य डॉ. अशोक हरिवंश ने किया। उन्होंने अपनी ओजस्वी और ज्ञानवर्धक वाणी से भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह और जीवन से जुड़ी रोचक कथाओं का अद्भुत वर्णन किया। उनके साथ दीप्ति पवन ने अपने मधुर संगीत से कथा में चार चांद लगा दिए, जिससे पूरा माहौल भक्ति से भर गया। शिव भक्ति में डूबे श्रद्धालुओं के लिए सावन का महीना विशेष महत्व रखता है, और इसी भावना को और गहरा करते हुए डॉ. हरिवंश ने एक कथा के दौरान महत्वपूर्ण संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सावन का महीना 'श्रवण' शब्द से जुड़ा है, जो हमें जीवन में बेहतर श्रोता बनने की सीख देता है। डॉ. हरिवंश ने पौराणिक कथाओं का हवाला देते हुए भक्तों को बताया कि कैसे भगवान शिव ने समुद्र मंथन के दौरान विष पीकर सृष्टि की रक्षा की। इस प्रसंग के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि जब हम शिवलिंग पर जल चढ़ाएं, तो हमारा भाव यह होना चाहिए कि हमारे जल से महादेव के कंठ की जलन शांत हो सके।





### गृहस्थ जीवन का आदर्श

डॉ. हरिवंश ने शिव-पार्वती के विवाह को गृहस्थ जीवन का सबसे बड़ा आदर्श बताया। उन्होंने माता पार्वती की घोर तपस्या और अटूट प्रेम का वर्णन किया, जिसके कारण शिवजी प्रसन्न हुए और उनसे विवाह किया। उन्होंने कहा कि यह कथा हमें सिखाती है कि सच्चा प्रेम धैर्य, त्याग और समर्पण से ही संभव है, और पति-पत्नी के बीच का रिश्ता विश्वास और सम्मान पर टिका होता है। पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता वेदराम मनहरे, तिल्दा जनपद अध्यक्ष सोनू मनहरे, वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन अग्रवाल,भाजपा प्रवक्ता दिनेश अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्तिथ थे।

### युवाओं ने निकाली बाइक रैली, गूंजा हर -हर महादेव का जयकारा

कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं द्वारा निकाली गई एक भव्य मोटरसाइकिल रैली से हुई। जोश से भरे युवाओं ने पूरे गांव में 'हर हर महादेव' और 'जय श्री राम' के नारे लगाए, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। यह आयोजन सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामुदायिक एकता और सद्भाव का प्रतीक बन गया।भावपूर्ण कथा और मधुर संगीत ने भक्तों को भाव-विभोर किया।

# शिविर में 58 मरीजों का हुआ निशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



महर्षि चरक जयंती के मौके पर राष्ट्रीय आयुर्वेद छात्र एवं युवा संघ (नस्या) छत्तीसगढ़ प्रांत ने एक दिवसीय निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया। यह शिविर नवा रायपुर के सेक्टर-27 में स्थित स्व. भोलाराम यादव स्मृति आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सा केंद्र में लगाया गया था।

सुबह से दोपहर 2 बजे तक चले इस शिविर में कुल 58 मरीजों ने लाभ उठाया। इन मरीजों को पेट, वात, जोड़ों, नस और त्वचा से संबंधित बीमारियों के लिए निःशुल्क परामर्श और दवाइयां दी गईं।

शिविर में वैद्य चन्द्रमौलि यादव, वैद्य श्रद्धा नायडू, वैद्य तनुजा सारथी, डॉ. निधि साहू, वैद्य अवधेश प्रसाद और निहारिका कन्नौजे ने मरीजों को परामर्श दिया। मरीजों को दी गई दवाइयां राजस्थान औषधालय प्रा. लि. मुंबई के सौजन्य से उपलब्ध कराई गईं। आपको बता दें कि 'नस्या' पिछले 17 सालों से आयुर्वेद को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में काम कर रहा है और वर्तमान में यह 22 राज्यों में सक्रिय है।

## खबर संक्षेप

### स्वतंत्रता दिवस पर व्हॉलीबॉल प्रतियोगिता

रायपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हाटकेश्वर नाथ व्हॉलीबाल संघ महादेवघाट रायपुर द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद एक दिवसीय 15 अगस्त को व्हॉलीबॉल स्पर्धा का निर्णय लिया गया है। स्पर्धा में श्री हाटकेश्वर नाथ ए, श्री हाटकेश्वर नाथ बी, मॉर्निंग क्लब रायपुर, अम्लेश्वर, सड्डू एवं पहंदा की टीमें भाग लेंगी। इन 6 टीमों को दो ग्रुप में बांटा जाएगा एवं व्हॉलीबॉल स्पर्धा लीग आधार पर खेली जाएगी। पहले आने वाली टीम के लिए 5000 रुपए नकद एवं द्वितीय स्थान पर आने वाली टीम को 3000 रुपए नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा अतिरिक्त व्यक्तिगत पुरस्कार अलग से दिए जाएंगे।

### जीवन को आत्मसात करने और कैरियर बनाने के लिए पढ़ें संस्कृत

रायपुर। राजधानी रायपुर सहित शहरों में 9 अगस्त को श्रावण मास की पूर्णिमा को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसे विश्व संस्कृत दिवस भी कहा जाता है, जो रक्षाबंधन के साथ ही मनाया जाता है। यह दिन संस्कृत भाषा के महत्व को बढ़ावा देने और इसके संरक्षण के लिए मनाया जाता है। इस संबंध में संस्कृतप्रेमी व



संस्कृत भाषा के प्रचारक पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने बताया कि जीवन को आत्मसात करने व कैरियर बनाने के लिए संस्कृत पढ़ें। श्रावणी पूर्णिमा संस्कृत दिवस और संस्कृत सप्ताह के अवसर पर संस्कृत भाषा के संरक्षण, प्रचार से संबंधित चर्चा, विद्वतगोष्ठी, संस्कृत में संभाषण, संस्कृत प्रश्नोत्तरी, विविध ग्रंथों पर व्याख्यान, अधिक से अधिक लोगों को संस्कृत के प्रति लगाव, संस्कृत को कैरियर के रूप मे अपनाने के लिए पं. शुक्ला द्वारा जोर दिया जा रहा है।

### अखंड रामायण पाठ का समापन



रायपुर। बूढ़ेश्वर चौक स्थित हनुमान मंदिर में आयोजित अखंड रामायण पाठ का समापन मंगलवार को किया गया। यह कार्यक्रम मंदिर में सुख-शांति और समृद्धि की कामना के लिए आयोजित किया गया था। वहीं पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन कार्य संपन्न किया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह पाठ आमतौर पर किसी विशेष अवसर जैसे जन्मदिन, शादी की सालगिरह या गृह प्रवेश पर किया जाता है। इस पाठ का मुख्य उद्देश्य भगवान राम और हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त करना है। अखंड रामायण पाठ के समापन पर हवन, आरती, भजन और भंडारे का भी आयोजन किया जाता है।

### महिला विंग की अध्यक्ष बनीं सीमा, शपथ ग्रहण समारोह




रायपुर। छत्तीसगढ़ गांड़ा समाज की केंद्रीय संस्था गांड़ा महासभा द्वारा महिला विंग बनाने पर शपथ ग्रहण समारोह आयोजन रखा गया था। यह कार्यक्रम मधु पिल्ले चौक शांति नगर स्थित विमतारा हाल में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, महासभा के संयोजक रघुचंद निहाल, महासभा के अध्यक्ष नारायण बाघ, उपाध्यक्ष कमने सोना, बसंत बाघ, अभिमन्यु जगत, महासचिव राजमोहन बाघ, प्रमुख सचिव डमरूधर दीप, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र बाघ, युवा अध्यक्ष बंटी निहाल, नवनियुक्त महिला अध्यक्ष सीमा छतरी, जिलाध्यक्ष संतोष निहाल, शहर अध्यक्ष मंगल छतरी, सचिव अलेक बाघ, दिनेश तांडी, सहदेव सोनी, प्रचार प्रसार मंत्री सुशील दीप, ईश्वर दास, टीकू तांडी एवं गांड़ा महासभा के पदाधिकारी, युवा साथी, महिला विंग की पूरी टीम, गांड़ा समाजसेवी आदि ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

# 108 ठेकेदारों पर एक सप्ताह में कार्रवाई के दोबारा निर्देश, चार महीने पहले भी हुआ था यही आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने निर्देश दिया है कि विभाग के निविदा प्रपत्र के अंतर्गत 108 प्रकरणों में दोषी पाये गये निविदाकारों (ठेकेदारो) के विरुद्ध कार्रवाई एक सप्ताह के भीतर अनिवार्यतः पूर्ण करें और दोषी पाए गए निविदाकारों को आगामी निविदा में भाग लेने के संबंध में निविदा कंडिका में संशोधन के लिए प्रस्ताव एक सप्ताह के भीतर शासन को प्रेषित करना सुनिश्चित करें। खास बात ये है कि अप्रैल में हुई समीक्षा बैठक में भी इन ठेकेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे। सूत्रों के अनुसार इस मामले में गड़बड़ी करने वाले 108 ठेकेदारों के खिलाफ ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई की जानी है। बताया गया है कि इसे लेकर कुछ नियम और कार्यवाही संबंधी अधिकार का विषय था। यह मामला हल नहीं होने के कारण अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस संबंध में विभाग का पक्ष जानने के लिए विभागीय सचिव, प्रमुख अभियंता से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन कोई अधिकारी फोन पर चर्चा के लिए उपलब्ध नहीं हो पाया। इससे पहले 17 अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक में मंत्री केदार कश्यप ने एक सप्ताह के भीतर 108 ठेकेदारों के विरुद्ध ईएमडी जब्त करने और एक साल के लिए निविदा प्रक्रिया से बाहर करने का आदेश दिया था।

## विभागीय मंत्री केदार कश्यप ने की विभागीय समीक्षा

### सचिव ने कही ये बात

जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने बैठक का संचालन करते हुए कहा कि एमआईएस में आ रही समस्याओं का आपसी समन्वय स्थापित कर 19 अगस्त 2025 के पूर्व समस्त तकनीकी विषयों पर आवश्यक निर्णय लेते हुए निराकरण कर लिया जाए। साथ ही तकनीकी स्वीकृति से संबधित वित्तीय अधिकार को युक्तियुक्त करने हेतु प्रस्ताव 06 अगस्त 2025 तक शासन को उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि बोधघाट वृहद् परियोजना, इंद्रावती-महानदी इंटरलिंकिंग परियोजना, शेखरपुर जलाशय एवं डांडपानी जलाशय के निर्माण हेतु आवश्यक कार्यवाही पूरी कर तथा प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त योजनाओं में निविदा स्वीकृति का कार्य निर्धारित 100 दिवस की समय-सीमा में पूर्ण करें।



### मंत्री ने की समीक्षा

जलसंसाधन मंत्री केदार कश्यप ने विभागीय समीक्षा बैठक में विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि विभागीय कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### किसानों को पानी के लिए बनेगी नीति

सचिव ने बैठक में जलाशयों से कृषकों की मांग के अनुरूप नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए जल प्रदाय किया जाना सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न विषयों पर विभागीय नीति तैयार कर एक माह के भीतर शासन को प्रस्तुत करने कहा है। साथ ही जल-कर में वृद्धि हेतु प्रस्ताव अविलम्ब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इस बैठक में पर प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उईके, मुख्य अभियंता प्रसून शर्मा, डी.के. बुम्मेरकर, जेआर भगत, आरआर सारथी, एसके टीकम, शंकर ठाकुर, केएस भंडारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## अवैध रूप से किया जा रहा उत्खनन

# मुरुम की 59 खदानें, अनुमति 25 को इनमें 17 खदानों की अनुबंध अवधि खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले में मुरुम की 59 खदानें हैं। इनमें से खनिज विभाग ने 25 खदानों में उत्खनन के लिए अनुमति दी थी, जिनमें से 17 खदानों की अनुबंध अवधि खत्म हो गई। इसके बाद भी इनमें से कई खदानों में पिछले कई हफ्तों-महीनों से मुरुम का उत्खनन जारी है। इधर खनिज विभाग में अफसर के बदलने के बाद से कार्रवाई होना भी बंद हो गई है, जिसके कारण मुरुम खदानों से संबंधित ठेकेदार अवैध रूप से जमकर उत्खनन कराकर इसका परिवहन करा रहे हैं और हर रोज हजारों-लाखों रुपए की कमाई कर रहे हैं।

### कई खदानों में नियमों के विरुद्ध उत्खनन

मुरुम की गई खदानों में नियमों के विरुद्ध जाकर उत्खनन कराया जा रहा है। मुरुम खदानों में उत्खनन के दौरान श्रमिकों को बगैर सुरक्षा व्यवस्था के उत्खनन कराया जा रहा है। वहीं जितना रकबा हेक्टेयर की अनुमति दी गई है, उससे कहीं ज्यादा रकबा हेक्टेयर में उत्खनन किया जा रहा है।

### खत्म हो चुकी अनुबंध अवधि

खनिज विभाग ने मुरुम उत्खनन के लिए जिन खदानों को अनुमति दी है, उनमें किसी खदान की मई, किसी किसी की जून, तो बहुतों की जुलाई में अनुमति अवधि खत्म हो चुकी है।




### अफसर-इंस्पेक्टर नहीं निकल रहे निरीक्षण पर

जिला खनिज विभाग में अफसर के बदलने के बाद से कामकाज में भी प्रभाव पड़ा है। नए अफसर ई ऑफिस से कार्य कराने से लेकर पुराने दस्तावेजों को खंगालने में व्यस्त हैं, जिसके कारण जिले में अनुबंध अवधि खत्म होने के बाद भी अवैध रूप से संचालित मुरुम की खदानों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिन इंस्पेक्टरों की मुरुम खदानों के निरीक्षण करने की ड्यूटी लगाई गई है, उन्होंने भी निरीक्षण करना बंद कर दिया है। यही कारण है कि जिले में मुरुम की कई खदानों में अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है। हालांकि कई खदानों में बारिश के पानी का भराव भी हो गया था, लेकिन कई ठेकेदार उस खदान के अगल-बगल वाली जगह पर मुरुम का उत्खनन करा रहे हैं।

### रात में ज्यादा अवैध उत्खनन

*नया रायपुर, अभनपुर, धनसुली, पिरदा सहित कई क्षेत्रों में मुरुम का अवैध उत्खनन कराने वाले दिन की जगह रात में करा रहे हैं। रात में खनिज और राजस्व विभाग की टीम निरीक्षण नहीं करती, जिसके कारण अवैध उत्खनन पर भी रोक नहीं लग पा रही है।*

### इन खदानों की अनुबंध अवधि खत्म

*केलकाबांधा अभनपुर, सांकरा तिल्दा, खपरीकला तिल्दा, ताराशिव तिल्दा, सातपारा अभनपुर, बिरोदा अभनपुर, तोरला गोबरानवापारा, भिलाई आरंग, भिलाई आरंग, आलेसुर खरोरा, भरेंगा अभनपुर, सांकरा धरसींवा, कुर्रा गोबरानवापारा, गातापार अभनपुर, तोरला गोबरानवापारा, नायकबांधा अभनपुर, खोला गोबरानवापारा की अनुमति अवधि समाप्त हो चुकी है।*

### इन खदानों की अगस्त में खत्म हो रही अवधि खत्म

*मोतियारडीह अभनपुर, पचेड़ा अभनपुर, बरतोरी तिल्दा, कोहका घुलघुल तिल्दा, कोहका तिल्दा, नायकबांधा अभनपुर, नगर पालिका अभनपुर, भेलवाडीह अभनपुर, सरोरा तिल्दा, चेरिया गोबरानवापारा की अनुमति अवधि अगस्त माह में तथा सरोरा तिल्दा खदान का सितंबर में खत्म हो रहा है।*

# रामनगर में देर रात चाकूबाजी, दो युवकों पर हमला, 5 गिरफ्तार







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के रामनगर क्षेत्र में सोमवार रात को चाकूबाजी की घटना हो गई। इस घटना में दो युवकों पर चाकू से हमला किया गया, जिससे वे घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने फरार पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपियों को नागपुर के रेलवे स्टेशन से तथा दो को धरसींवा क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

रामनगर चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना रात करीब 11 बजे की है। इस दौरान चाकूबाजी में घायल हुए श्याम लाल निषाद 15 वर्ष एवं धीरेंद्र निषाद 17 वर्ष के साथ मोहल्ले में रहने वाले प्रहलाद साहू 19 वर्ष, साधु उर्फ गोली साहू 20 वर्ष, शिव निर्मलकर 20 वर्ष तथा अन्य दो नाबालिग लड़कों के साथ किसी बात पर गाली-गलौज करने लगे। मना किया तो आरोपियों ने विवाद करते हुए दोनों के साथ मारपीट करते हुए उन पर चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में एक को गंभीर चोट आई है। हालांकि उपचार के बाद वह खतरे से बाहर है। वहीं दूसरे को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। इधर घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे, जिनमें से तीन आरोपी रायपुर रेलवे स्टेशन से ट्रेन में सवार होकर नागपुर पहुंच गए थे। पुलिस ने इन तीनों को नागपुर से गिरफ्तार किया। इसी प्रकार अन्य दो आरोपी को धरसींवा क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

## अवैध ठेले गुमटियां हटाने अभियान

# राष्ट्रीय राजमार्ग पर किए अवैध अतिक्रमण हटाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 10 और सेंट्रल दस्ता की टीम ने रिंग रोड नंबर 1 के तेलीबांधा मेक इन इंडिया चौक से पचपेड़ी नाका चौक तक राष्ट्रीय राजमार्ग पर किये गये अवैध अतिक्रमण को हटाने कार्रवाई की। इस दौरान अवैध ठेले और गुमटियों को हटाया गया।

सुगम आवागमन में बाधक बन रहे अवैध ठेले, गुमटियों को हटाने मंगलवार को नगर निगम जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता योगेश यदु सहित सेंट्रल उड़नदस्ता और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

दूसरे चरण में पीडब्लूडी ब्रिज केनाल रोड से पचपेड़ीनाका चौक तक अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया गया। इस कार्य में टीम प्रहरी और जोन 10 अमले का सहयोग रहा।

# मुक्तिधाम नाली की ढाल गुणवत्ताहीन, एटी कंस्ट्रक्शन को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- काली सूची में भी दर्ज
- दो दिन में नाली तोड़कर निर्माण के निर्देश

नगर निगम जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल ने गुरु गोविंद सिंह वार्ड के गांधी नगर मुक्तिधाम उन्नयन कार्य में सीसी नाली की ढाल एवं बेस कार्य को गुणवत्ता हीन पाये जाने पर एटी कंस्ट्रक्शन को नोटिस देकर 3 दिन में नाली तोड़कर मानक अनुरूप निर्माण करने निर्देश दिए। ऐसा नहीं होने पर निविदा निरस्त कर अनुबंधित एजेंसी को काली सूची में दर्ज करने चेतावनी दी है।

वहीं जोन की उप अभियंता ऋतु श्रीवास्तव को स्थल निरीक्षण नहीं किये जाने पर शोकॉज नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर मंगलवार को जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल



ने कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस और सहायक अभियंता नरेश साहू के साथ गुरु गोविंद सिंह वार्ड के गांधी नगर मुक्तिधाम के उन्नयन कार्य का निरीक्षण किया, जिसमें यह पाया कि अनुबंधित एजेंसी मेसर्स एटी कंस्ट्रक्शन अगर चौक राजातालाब द्वारा सीसी नाली की ढाल और बेस कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं किया जा रहा है। निर्माण कार्य के गुणवत्ता में कोताही मिलने पर अनुबंधित एजेंसी को नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर संबंधित नाली को तोड़कर मापदंड के अनुरूप दोबारा पूरा करने निर्देश दिये हैं।

# राजधानी के आधा दर्जन फ्लैट्स में चोरी करने वाले दो गिरफ्तार, घूमते हुए बनाते थे फ्लैट को निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में अलग-अलग थाना क्षेत्र में आधा दर्जन फ्लैट्स में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो लोगों को पुलिस ने अंबिकापुर से गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से सोने के जेवरात 36 ग्राम, चांदी के जेवरात 843 ग्राम, 9 हाथ घड़ी, 1 आईफोन तथा घटना में प्रयुक्त 3 मोबाइल जब्त किया है। दोनों आरोपी महाराष्ट्र के रहने वाले हैं।

एसएसपी लाल उम्मेद सिंह ने शहर में हुई चोरी के मामलों का खुलासा करते हुए बताया कि शहर में आमानाका, कबीरनगर, न्यू राजेंद्रनगर सहित अन्य थाना क्षेत्र में एक के बाद एक फ्लैट में चोरी की घटना हो रही थी। सभी फ्लैट में चोरी करने का तरीका एक जैसा था। इसे देखते हुए पुलिस को शक हुआ कि इस वारदात में किसी गिरोह का हाथ है। इस आधार पर पुलिस ने अपने मुखबिरों को सक्रिय करते हुए घटना वाले क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरों को खंगाला। इस दौरान पुलिस को आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण सूचना मिली कि वे अंबिकापुर होते हुए फरार होने वाले हैं। पुलिस सूचना के आधार पर आरोपियों को पीछा कर अंबिकापुर पहुंची और उन्हें गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम विनोद सन्नी गौर 22 भोसरी थाना बालाजी नगर पुणे एवं रेयान उर्फ अमन फैयाज शेख 20 निवासी कोहिनूर सिटी थाना कुरला वेस्ट नई मुंबई का होना बताया। पूछताछ में आरोपियों ने आधा दर्जन फ्लैट्स में चोरी करने का जुर्म भी कबूल किया।



### घूमते हुए बनाते थे फ्लैट को निशाना

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को यह भी बताया कि वे दोनों शहर में घूमते थे। इस दौरान जिस क्षेत्र में फ्लैट में बाहर से ताला लगा मिलता था, उसे निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपियों के विरुद्ध धारा 331(3), 305(ए) बीएनएस के तहत अलग-अलग थाना में अपराध दर्ज है।

*खोवा, पनीर, फैनी, मिक्चर, कुकीज, मिल्क केक, सोन पापड़ी के नमूने*

# स्ट्रीट फूड वाले भी जांच के दायरे में दूसरे दिन उठाए गए दो दर्जन सैंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बने खाबो-बने रहिबो अभियान के दूसरे दिन खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने बड़े होटलों के साथ स्ट्रीट फूड वेंडरों को जांच के दायरे में लाया। विभागीय टीम ने विभिन्न संस्थानों से खोवा, पनीर, फैनी, मिक्चर, कुकीज सहित अन्य खाद्य पदार्थों के दो दर्जन सैंपल एकत्रित किए। स्ट्रीट फूड का ठेला लगाने वालों को जांच के दौरान साफ-सफाई रखने की पूरी हिदायत दी गई।

एफडीए की टीम ने मंगलवार को शहरी इलाकों के साथ आउटर में मौजूद होटल, ढाबों, रेस्टोरेंट में जाकर जांच की। इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन से स्थानीय बाजार, स्ट्रीट फूड, रेस्टोरेंट



में परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता की जांच की गई। इस दौरान राजधानी के तृप्ति स्वीट्स, नैवेद्य स्वीट्स, अन्नपूर्णा डेरी, जैन गुजराती स्वीट्स, बीकानेर स्वीट अभनपुर में गुरुकृपा ढाबा, मोहन ढाबा, राजलक्ष्मी ढाबा से संग्रहित किया गया। जिले में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य पदार्थों के 9 विधिक नमूने, 16 सर्विलेंस सैंपल जांच के लिए संग्रहित किये गए हैं। साथ ही चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से मौके पर 18 की जांच में 2 नमूने अमानक पाये गये। इसी तरह साइंस कालेज चौपाटी पर जन जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर एवं उपभोक्ताओं को हाईजीन के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इसमें भोजन का एक विशेष तापमान पर रख रखाव, खाद्य पदार्थों के पैकेजिंग एवं परोसने में अखबारी कागज का उपयोग ना करना, खाना पकाने में एक ही तेल को बार-बार गर्म कर उपयोग ना करना, फोर्टिफाइड निशान युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करना जैसे बिंदु शामिल थे।

## पेज 11 के शेष

### निगम की बड़ी...

को बांटे गए थे। विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार आई, जिसके बाद भाजपा सरकार ने पुराना राशन कार्ड को प्रतिबंधित कर उसकी जगह हितग्राहियों को नए राशन कार्ड बनवाकर बांटे गए। नया राशन कार्ड लेने के लिए हितग्राहियों से पुराने कार्ड जमा कराए गए थे। नए कार्ड वितरण के बाद जमा पुराने कार्डों को नष्टीकरण किया जाना था, लेकिन निगम के अधिकारी-कर्मचारियों ने इस कार्य में लापरवाही दिखाई और इन कार्डों को कूड़ा-कचरा की तरह कई जगहों पर डंप कर दिया है।

**कांजी हाउस के बगल में मालखाना में पड़े मिले हजारों पुराने कार्ड:** शहर के लाखेनगर स्थित कांजी हाउस के बगल में निगम का एक मालखाना है। इस मालखाना को निगम अक्सर रद्दी चीजें रखने तथा जब्ती के सामान डंप करने में इस्तेमाल करता है। इस मालखाना परिसर में ही हजारों पुराने राशन कार्डों को भी डंप किया है जो लावारिस की तरह यहां पड़े हुए हैं।

**गलत हाथ में लगे तो दुरुपयोग एवं फर्जीवाड़ा किए जाने की संभावना:** राशन कार्ड में प्रत्येक धारक और उसके परिवार के अन्य सदस्यों के नाम, उम्र तथा पता का उल्लेख रहता है, वहीं राशन कार्ड में जो आईडी क्रमांक नंबर है, वहीं आई क्रमांक नंबर नए राशन कार्ड में भी है। ऐसे में अगर किसी गलत व्यक्ति के हाथ ये कार्ड लग जाए, तो इन कार्डों के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के नाम का भी दुरुपयोग कर फर्जीवाड़ा किया जा सकता है।

### कमाई बढ़ाने गंज...

15 सदस्यीय टीम ने एक सप्ताह तक 600 दुकानों के भौतिक सत्यापन का कार्य किया। इस दौरान स्थल पर जाकर निगम आयुक्त विश्वदीप और बाजार विभाग की उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने निरीक्षण किया। टीम ने पहले गंज बाजार की दुकानों में जाकर दुकान संबंधी दस्तावेज मांगे। इस दौरान काबिज एरिया का क्षेत्रफल, दुकान के किराया की स्थिति की पड़ताल की गयी। जांच के दौरान कुछ ऐसे भी दुकानदार मिले, जिन्होंने तीन पीढ़ी से किराया बढ़ने के डर से नाम ट्रांसफर नहीं कराया है। उन्हें चिन्हांकित कर नाम ट्रांसफर कराने कहा गया है, वहीं कुछ दुकानदार ऐसे रहे जिन्होंने दुकान का एरिया बढ़ा लिया है, पर इसकी जानकारी नगर निगम को अब तक नहीं दी है। दुकानों का सर्वे होने के बाद डेटा को साफ्टवेयर में अपलोड करने का कार्य भी किया जा रहा है।

### लोगों के गुम...

अब तक एक करोड़ 10 लाख रुपए के 550 मोबाइल बरामद

रायपुर पुलिस ने इस अभियान के तहत चालू वर्ष में अब तक गुम हुए 550 मोबाइल बरामद किए हैं, जिनकी कुल कीमत 1 करोड़ 10 लाख रुपए आंकी गई है। इस तरह अभी तक 550 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल लौटाए गए हैं।

### गुम हुए मोबाइल को...

मोबाइल मिलने की सूचना मिलने पर उसे डाक के माध्यम से रायपुर मंगाया जा रहा है और यहां आने के बाद मोबाइल के धारक को सूचना देकर उन्हें लौटाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुलिस ने मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में गुम हुए 250 मोबाइल को उनके धारकों को लौटाया।

### यात्रियों के संकट से...

शेड्यूल में उड़ान के बाद यात्रियों की संख्या कम होने की वजह से उड़ान में कटौती शुरू करने के बाद इनका संचालन ही बंद कर दिया गया। कुछ ऐसा ही हाल तीन शहर अंबिकापुर, बिलासपुर और रायपुर की जोड़ने वाले छोटे एयरक्राफ्ट के साथ होता नजर आ रहा है। विमानन कंपनी ने दिसंबर में इसका संचालन प्रारंभ किया था, मगर कुछ समय बाद यात्री संकट की वजह से उसकी उड़ान सप्ताह में 6 के बजाए तीन दिन कर दिया गया था। इस फ्लाइट का संचालन अभी पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। विमानन कंपनी द्वारा मानसून में विजबिलिटी की कमी का हवाला देकर इसका संचालन नहीं किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### महाकाल नर्मदेश्वर शिव मंदिर का स्थापना दिवस

**रायपुर।** महाकाल नर्मदेश्वर शिव मंदिर लाखेनगर में श्रावण माह के पावन पर्व एवं स्थापना दिवस के अवसर पर 7 अगस्त को मंदिर प्रांगण में रुद्राभिषेक, पूजन एवं हवन कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम योगेश साहू, लोमेश साहू, नरेश सोनी के मार्गदर्शन में आयोजित किया जाएगा।

### भाठागांव बस टर्मिनल के पास नाले पर निगम का बस स्टॉप



**रायपुर।** भाठागांव स्थित बस टर्मिनल के पास नाले के उपर बस स्टाप बनाया जा रहा है, इससे आने वाले दिनों में नाला सफाई में परेशानी होगी, वहीं जलभराव की समस्या आ सकती है। पूर्व एमआईसी सदस्य सतनाम पनाग ने नाले के उपर निगम द्वारा बस स्टॉप निर्माण कराये जाने पर विरोध जताया है। साथ ही इस बात पर अचंभा है कि नाले के उपर कोई बस स्टॉप कैसे बनवा सकता है। निगम से अनुबंधित एजेंसी ने नाले के उपर बस स्टॉप के लिए निर्माण भी शुरू करा दिया है। नाला, नालियों के उपर बनाये गये पाटों को धड़ाधड़ तोड़ रहा नगर निगम अब नाले के उपर खुद बस स्टॉप बनवा रहा है। इससे आने वाले दिनों में नाला सफाई में दिक्कत आएगी, साथ जलभराव की समस्या से लोग परेशान होंगे। नगर निगम जोन 6 क्षेत्र स्थित भाठागांव में अंतर्राज्यीय बस टर्मिनल के पास निगम से अनुबंधित एजेंसी इस बस स्टॉप को बनवा रही है। महापौर मीनल चौबे ने कहा कि नाले के उपर बस स्टॉप निर्माण नहीं हो सकता, इस बात की जानकारी लेकर दिखवाती हूं। इससे नाले की सफाई प्रभावित होगी।

# खर्च बचाने का चक्कर, निजी अस्पतालों में एमबीबीएस की जगह बीएएमएस डॉक्टर

## नर्सिंग होम एक्ट के पालन में कोताही, तीन हास्पिटलों को थमाया जा चुका नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी समेत जिले के कई निजी अस्पताल खर्च बचाने के चक्कर में एमबीबीएस की जगह बीएएमएस डाक्टरों की नियुक्ति कर रहे हैं। नर्सिंग होम एक्ट के मुताबिक अस्पताल में दस बेड के पीछे एक मेडिकल ऑफिसर (एमबीबीएस) होना जरूरी है, जिसका पालन अस्पतालों द्वारा नहीं किया जा रहा है। इस लापरवाही के लिए पिछले दिनों राजधानी के तीन अस्पतालों को नोटिस भी जारी किया जा चुका है।

अस्पताल के संचालन के लिए नर्सिंग होम एक्ट के तमाम बिंदुओं का पालन किया जाना अनिवार्य है। इसमें दस बेड के पीछे एक एमबीबीएस डाक्टर की नियुक्ति भी शामिल है। इस नियम का उद्देश्य अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों की नियमित देखभाल और आपात स्थिति होने पर त्वरित उपचार की सुविधा मुहैया करना होता है। इस नियम का पालन करने में 75 फीसदी अस्पताल गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उनके द्वारा एमबीबीएस के बजाए बीएएमएस डिग्री वाले चिकित्सा अधिकारियों को नियुक्ति देकर अपना काम चलाया जा रहा है, जो मरीजों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। पिछले दिनों इसी तरह की लंबी शिकायत के बाद स्वास्थ्य विभाग राजधानी के कुछ अस्पतालों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। इस दौरान तीन हास्पिटलों को यह चेतावनी भी दी गई थी कि हास्पिटल में मौजूद बेड की क्षमता के अनुरूप चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की जाएगी। जानकार सूत्रों का कहना है कि एलोपैथी वाले हास्पिटल में दूसरी पैथी के चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति खर्च बचाने के चक्कर में की जाती है। एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाले चिकित्सा अधिकारियों की तुलना में बीएएमएस वाले डाक्टरों की व्यवस्था कम खर्च में हो जाती है। इस चक्कर में अस्पताल मरीजों की जान जोखिम में डालने से भी नहीं चूकते।

### आयुष्मान की जांच में भी मिली थी गड़बड़ी

इस तरह की गड़बड़ी आयुष्मान योजना के पंजीकृत अस्पतालों की जांच के दौरान भी सामने आई थी। केंद्र सरकार द्वारा मिले गड़बड़ी के आंकड़ों के आधार पर छापा मारने वाले स्टेट नोडल एजेंसी को रायपुर समेत कुछ अन्य जिलों के हास्पिटल में भी चिकित्सा अधिकारियों की कमी मिली थी। कुछ हास्पिटलों में तो बीएएमएस के मेडिकल ऑफिसरों पर मरीजों के देखरेख की जिम्मेदारी थी। उस दौरान कई अस्पतालों को इसके साथ अन्य खामियों की वजह से योजना से निलंबित भी किया गया था।



### समय-समय पर होती है जांच

नर्सिंग होम एक्ट का पालन करने सभी अस्पतालों को निर्देशित किया गया है। टीम समय-समय पर हास्पिटलों का निरीक्षण भी कर आवश्यक कार्रवाई करती है।

- डा. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

## प्रत्येक मंडल में 21 सदस्यीय कमेटी तैयार की जाएगी

# मंडल समिति में नियुक्तियों के लिए जिला प्रभारी तय करेंगे सिंगल नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत प्रदेश के सभी ब्लॉक में प्रभारियों ने बैठक लेकर मंडल अध्यक्षों, उपाध्यक्षों, सचिवों, कोषाध्यक्षों और कार्यकारिणी सदस्यों की सूची तैयार कर पीसीसी को सौंप दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज एवं रायपुर जिला के प्रभारी डॉ. शिव डहरिया ने बुधवार तक इस कार्य के लिए समय सीमा निर्धारित की है। प्रत्येक मंडल में 21 सदस्यीय कमेटी तैयार की जाएगी। इसके अलावा सेक्टर प्रभारी और पांच बूथ के पीछे एक सेक्टर इंचार्ज भी नियुक्त किया। उल्लेखनीय है कि एआईसीसी ने प्रदेश में संगठन को मजबूत करने के लिए सितंबर तक सभी पदों पर नियुक्ति पूरी करने का प्लान बनाया है। जिला और ब्लॉक कमेटियों की सौंपी गई सूची को लेकर जिले के प्रभारी बैठक लेकर सिंगल नाम वाले मंडल कमेटी अध्यक्ष के नाम की घोषणा करने पीसीसी को अनुसंशा करेंगी। यहां पर दो नामों को पैनल बना है, वहां प्रभारी से चर्चा कर एक नाम की अनुशंसा कर पीसीसी को भेजा जाएगा।



### हर 24 बूथ पर एक कमेटी का गठन

प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने हर 24 बूथ पर एक समिति का गठन कर रही है। मंडल के माध्यम से पार्टी कार्यक्रमों को रूट लेवल तक ले जाने में सहयोग मिलेगा। बूथ स्तर पर नियंत्रण करने में मंडल कमेटी की बड़ी भूमिका होगी। संगठन सृजन अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पार्टी की पकड़ बनाने में महत्वपूर्ण होगा।

### सभी वर्गों को जोड़ा जाएगा

कांग्रेस संगठन में सभी वर्ग लोगों को प्रतिनिधित्व मिले, साथ ही महिलाओं की भागीदारी पर्याप्त हो, इसे भी सुनिश्चित किया जा रहा है। संगठन में 50 प्रतिशत युवाओं एवं 50 वर्ष कम उम्र के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**एआईसीसी के पर्यवेक्षक की निगरानी में तय होंगे जिला अध्यक्ष :** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस में आगामी सितंबर माह तक सभी जिलों में नए अध्यक्ष बनाने को लेकर संगठन ने तैयारी शुरू कर दी है। मंडल में नियुक्तियों के बाद सभी 41 संगठन जिलों में अध्यक्ष के नामों पर विचार के दौरान एआईसीसी के पर्यवेक्षक आएंगे। उनकी मौजूदगी में जिला अध्यक्ष के नामों पर मुहर लगेगी। हालांकि इसका कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है।

### सक्रियता को रखा जाएगा ध्यान

ऐसे पदाधिकारी, जो पहले कार्य कर चुके हैं, उनकी सक्रियता को भी ध्यान में रखा जाएगा। ऐसे कार्यकर्ता, जिन्होंने पिछले कई सालों से कार्य किया, उनके स्थान पर युवाओं और अनुभवी को मौका दिया जाएगा। नियुक्तियों में गुजरात फॉर्मूला लागू होगा। सभी नियुक्तियों में एससी-एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक और महिलाओं के लिए 50 फीसदी आरक्षण रहेगा।

**ब्लॉक और मंडल में नए लोगों को मौका :** कांग्रेस संगठन में जिला अध्यक्षों के अलावा ब्लॉक अध्यक्षों को नए सिरे से नियुक्त किया जाएगा। 305 ब्लॉक कांग्रेस संगठन में हैं। वहीं मंडल स्तर पर भी 1200 लोगों की नियुक्ति होगी। इसके अलावा राज्य स्तर पर रिक्त पदों को भरा जाएगा। बताया गया है कि जिला कार्यकारिणी का गठन इस दौरान कर लिया जाएगा।

# सफाई मित्रों-स्वच्छता दीदियों का महापौर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




नगर निगम जोन 2 कार्यालय में मंगलवार को 7 वार्डों के सफाई मित्रों और स्वच्छता दीदियों का सम्मान महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर ने किया। प्रत्येक स्वच्छता दीदी और सफाई मित्र को 1 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि देकर मंच से सम्मानित किया गया। राशि त्योहार के पूर्व नगद प्रोत्साहन राशि मिलने पर स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों ने महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौर और निगम आयुक्त विश्वदीप के प्रति आभार व्यक्त किया है।

- सभापति सूर्यकांत राठौर रहे उपस्थित
- स्वच्छता दीदी, सफाई मित्र को 1-1 हजार रुपये नकद प्रोत्साहन राशि दी

राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में रायपुर शहर को देशव्यापी स्वच्छता रैंकिंग में चौथा स्थान मिलने और रायपुर शहर के गार्बेज फी सिटी श्रेणी में छत्तीसगढ़ में पहला 7 स्टार शहर बनने पर जोन 2 कार्यालय में जोन सभी 7 वार्डों में कार्यरत सफाई मित्रों, स्वच्छता दीदियों का सम्मान किया गया।

इस मौके पर महापौर मीनल चौबे ने कहा कि स्वच्छता दीदियां व सफाई मित्र नगर निगम में सफलता की कुंजी है, जिनसे नगर निगम को पूरे देश में स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर होने के कारण सम्मानित किया गया। महापौर ने रक्षाबंधन त्योहार के पूर्व आयोजन रखकर जोन 2 के सभी सफाई मित्रो एवं स्वच्छता दीदियों को नकद प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित करने पर सभापति सूर्यकात राठौड़ सहित जोन 2 के वार्ड पार्षदों और जोन के अधिकारियों, कर्मचारियों को सराहा।

सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों के शहर को स्वच्छ बनाने के कार्य में हर मौसम में दिये जाने वाले योगदान को सराहा।

कार्यक्रम में महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड, आयुक्त विश्वदीप, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, राजस्व विभाग अध्यक्ष अवतार बागल, वित्त विभाग अध्यक्ष महेन्द्र खोडियार, पार्षद रामहिन कुर्रे, खगपति सोनी, अपर आयुक्त स्वास्थ्य विनोद पाण्डेय, स्वास्थ्य अधिकारी प्रीति सिंह, जोन कमिश्नर डॉ आरके डोंगरे कार्यपालन अभियंता पी.डी. घृतलहरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी रवि लावनिया की उपस्थिति रही।

## बिजनेस साइट

### श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में दीक्षारंभ समारोह का भव्य आयोजन



**रायपुर।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में मंगलवार को दीक्षारंभ 2025-26 का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. चितरंजन कर एवं विशिष्ट अतिथि रामेश्वर वैष्णव ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश दिए। प्रो. चितरंजन कर ने कहा कि यूनिवर्सिटी का जीवन केवल पढ़ाई के बारे में नहीं है, यह परिवर्तन के बारे में भी है। आप एक ऐसे वातावरण में कदम रख रहे हैं, जो आपको चुनौती देगा, आपके दृष्टिकोण को व्यापक बनाएगा और आपको न केवल सफल पेशेवर, बल्कि जिम्मेदार और विचारशील व्यक्ति बनने के साधन भी प्रदान करेगा। वहीं श्री वैष्णव ने कहा कि सुनने की कला विकसित होना ही शिक्षा की शुरुआत है। कुलसचिव डॉ. सौरभ शर्मा ने कहा कि शिक्षा वह है, जो जीवन को विवेकपूर्ण जीना सिखाए। समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सभी का मन मोहा। दीक्षारंभ में विश्वविद्यालय की अधोसंरचना, संकायों व विभागों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. कप्तान सिंह द्वारा किया गया।

### रामकृष्ण केयर अस्पताल में एडवांस्ड सिमुलेशन-बेस्ड ईसीएमओ कार्यशाला संपन्न



**रायपुर।** रामकृष्ण केयर अस्पताल में दो दिवसीय एडवांस्ड सिमुलेशन-बेस्ड ईसीएमओ कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (रायपुर चैप्टर) एवं सोसाइटी ऑफ इमरजेंसी मेडिसिन इंडिया (छग चैप्टर) के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला मध्यभारत में अपनी तरह की पहली वर्कशॉप रही। कार्यशाला में देश के नामी विशेषज्ञों ने शिरकत की और प्रतिभागियों को आधुनिक तकनीक पर गहन प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य क्रिटिकल केयर में कार्यरत डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को ईसीएमओ तकनीक की गहराई से जानकारी देना तथा सिमुलेशन के माध्यम से व्यावहारिक प्रशिक्षण उपलब्ध कराना रहा। इसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने बताया कि ईसीएमओ तकनीक गंभीर हृदय एवं श्वसन विफलता के मामलों में मरीजों के लिए जीवनरक्षक सिद्ध हो रही है।

### रामकृष्ण शिक्षण संस्थान में एलुमनी मीट का आयोजन



**रायपुर।** रामकृष्ण शिक्षण संस्थान में पूर्व छात्रों के लिए एक भव्य एलुमनी मीट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गत वर्षों के विद्यार्थियों ने संस्थान में पुनः लौटकर अपनी पुरानी स्मृतियों को साझा किया तथा संस्थान के प्रति अपनी भावनाओं को अभिव्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के संचालक आरके चौबे ने की। साथ ही डॉ. अरुणा चौबे, डॉ. डी. चेन्नम्मा भास्कर, डॉ. बीना अवस्थी, डॉ. प्रेरणा पाण्डे और सोमप्रकाश जोशी सहित समस्त शैक्षणिक एवं प्रशासनिक स्टाफ की उपस्थिति रही। पूर्व विद्यार्थियों ने विद्यालय के अनुशासन, शिक्षकों के सहयोग एवं समय-समय पर मिले मार्गदर्शन की सराहना की। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विद्यालय की प्रार्थना सभा में खड़े होना, शिक्षकों की सपोर्टिव प्रवृत्ति और समस्या समाधान की तत्परता उनके जीवन निर्माण में सहायक रही।

### आंजनेय यूनिवर्सिटी में 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम में शिक्षा, आत्मविकास और नैतिक मूल्यों का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि ललित जोबनपुत्रा ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन व सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने अपने प्रेरक भाषण में कहा कि आज का दिन केवल शिक्षा की शुरुआत नहीं, बल्कि एक नए जीवन की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय वैश्विक स्तर की शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने भी सबका मन मोह लिया। डॉ. प्रांजली गनी ने दीक्षारंभ को प्रेरणा का मंच बताया।

# बिजली बिल हाफ योजना बंद, कांग्रेस का कल प्रदेश में विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बिजली बिल हाफ योजना बंद करने के विरोध में कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। कांग्रेस ने कहा, आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना वापस फिर से शुरू किये जाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। 6 अगस्त को जिला मुख्यालयों में पत्रकार वार्ता एवं 7 अगस्त को जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष विरोध प्रदर्शन एवं पुतला दहन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य भाजपा सरकार हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता पर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किये जाने से आम जनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा।

### बिजली बिल छूट का लाभ नहीं मिलेगा

उन्होंने कहा, विष्णुदेव साय सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हॉफ करने का निर्णय लिया है। प्रदेश के अधिसंख्यक उपभोक्ता बिजली बिल हाफ योजना से वंचित हो गये हैं। वर्तमान निर्देश के अनुसार 100 यूनिट से अधिक खपत होने पर बिजली बिल पूरा लगेगा तथा 100 यूनिट की छूट भी नहीं मिलेगी। पिछले माह ही सरकार ने बिजली के दाम चौथी बार बढ़ाया था। घरेलू खपत पर 10 से 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि की गई है, गैर घरेलू बिजली की दर 30 पैसे यूनिट महंगी कर दी गई है। सर्वाधिक बढ़ोतरी कृषि पंप के बिजली के दाम में 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि करके की गई थी। डेढ़ साल के भीतर साय सरकार ने घरेलू बिजली की दरों में अब तक कुल 80 पैसे प्रति यूनिट बढ़ोतरी की है।



### महंगी दर पर बेची जा रही है बिजली

उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी भाजपा सरकार के ऐसे अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है, कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमें ही महंगी दर पर बिजली बेची जा रही है? सरकार के इस जन विरोधी निर्णय के खिलाफ कांग्रेस पूरे प्रदेश में आंदोलन करेगी।

### बिजली बिल भरने में खर्च होगी महतारी वंदन की राशि



छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 400 यूनिट तक की बिजली माफी योजना को घटाकर 100 यूनिट किए जाने के फैसले का विरोध प्रारंभ हो गया है। मंगलवार को यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने मामले में उग्र प्रदर्शन किया। डंगनिया स्थित विद्युत विभाग मुख्यालय में हुए इस प्रदर्शन को जिला कांग्रेस कमेटी का भी सहयोग मिला। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। घंटेभर से अधिक समय तक लगातार नारेबाजी होती रही। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यालय के गेट को तोड़कर अंदर घुसने की कोशिश की, वहीं दूसरे गेट पर धरना देते हुए सरकार के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए फैसले को वापस लेने और पुरानी योजना लागू रहने देने की मांग की है।

### छूट खत्म कर मध्यम एवं निम्नवर्ग की बढ़ाई परेशानी



नगर निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे ने बिजली बिल बढ़ोतरी के बाद 400 यूनिट में से 300 यूनिट की कटौती को तर्क तथा तथ्यहीन बताया है। भाजपा सरकार मात्र डेढ़ लाख सोलर पैनल लोगों के घरों में लगाने का फरमान जारी की है, जबकि 20 लाख निम्न, मध्यम एवं मध्यवर्गीय परिवार को संकट में डालने की योजना पेश की है। सरकार को साढ़े 18 लाख लोगों की चिंता नहीं है, जिनके बिजली बिल 100 से 200 यूनिट तक आते हैं। श्री दुबे ने कहा है कि सरकार के पास यह भी जवाब नहीं है कि जिन गरीब परिवारों को या जिनके फ्लैट हैं, वे कैसे सोलर पैनल लगा पाएंगे, इसी प्रकार जिनके मकान खपरैल के हैं, वे कैसे सोलर पैनल लगा पाएंगे। एक उद्योगपति को उपकृत करने लाखों परिवारों को परेशान करने वाली भाजपा सरकार ने अपनी आंखें मूंद ली हैं और छत्तीसगढ़ को लूटने के लिए खुलेआम निमंत्रण दे दिया है। श्री दुबे ने कहा कि पूर्व से 16 लाख परिवार गरीबी रेखा के नीचे वर्षों से जीवनयापन करते हैं।


## आवश्यकता है



ड्राइवर - 1 पद

इच्छुक व्यक्ति बायोडाटा एवं ड्राईविंग लाइसेंस के साथ संपर्क करें

समय : सुबह 10 से शाम 6 बजे

एच.आर. विभाग

हरिभूमि inh पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर


## छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर कलमबंद हड़ताल

# मितानिनें कल से हड़ताल पर, संभागवार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेशभर की मितानिनों ने अपनी 3 सूत्रीय मांगों को लेकर शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। तीन प्रमुख मांगों को लेकर 7 अगस्त से मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन कर आवाज बुलंद करेंगी। बुधवार को रायपुर संभाग की मितानिन धरना देंगी। इसी तरह 8 अगस्त को दुर्ग संभाग मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर धरना स्थल पर आंदोलन में शामिल होंगी, 9 अगस्त को बिलासपुर संभाग और 10 अगस्त को सरगुजा संभाग के बाद 11 अगस्त को बस्तर संभाग से मितानिन धरना प्रदर्शन में शामिल होंगी।

दरअसल, छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ कहीं जाने वाली 72 हजार मितानिनें, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प फेसिलेटर और ब्लाक को-आर्डिनेटर 3 सूत्रीय मांग को लेकर सड़क पर उतरेंगी। 7 अगस्त को इसकी शुरुआत रायपुर संभाग की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प फेसिलेटर और ब्लाक को-आर्डिनेटर नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर संभाग स्तरीय धरना प्रदर्शन से करेंगी। इस दिन काम बंद -कलम बंद हड़ताल कर आंदोलन का आगाज किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर के प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर ने बताया कि 2023 के विधानसभा चुनाव में सरकार ने घोषणापत्र में वादा किया था कि मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत लाया जाएगा, लेकिन इसके विपरीत कार्यक्रम के संचालन जिम्मेदारी दिल्ली के एक एनजीओ को सौंप दी गई है, जिससे प्रदेशभर की मितानिनें खुद को ठगा महसूस कर रही हैं।

### संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, आपात कालीन सेवा ठप करेंगे

नियमितीकरण जाब सुरक्षा, ग्रेड पे अनुकंपा नियुक्ति सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदेश भर के 16 हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से स्वास्थ्य सेवा ठप कर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहेंगे, इस बार आपात कालीन सेवाएं भी बाधित रहेगी। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी, प्रदेश महासचिव कौशलेन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा है कि 10 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेश भर के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी 18 अगस्त से नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन प्रदर्शन करेंगे। आंदोलन पर जा रहे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का कहना है कि 20 साल से वे समान काम के बदले समान वेतन, नियमितीकरण की मूलभूत मांगों के लिए संघर्ष कर रहे हैं।





राजस्थान टूर

जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम

11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर

राशिः-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## एजूकेशन लाइव

### इंडियन नेवी में एसएससी ऑफिसर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी

**रायपुर।** इंडियन नेवी की ओर से शॉर्ट सर्विस कमीशन ऑफिसर के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अधिसूचना के मुताबिक इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 9 अगस्त से स्टार्ट कर दी जाएगी, जो निर्धारित अंतिम तिथि 1 सितंबर 2025 तक जारी रहेगी। योग्य एवं इच्छुक अभ्यर्थी तय तिथियों के अंदर भर्ती में शामिल होने के लिए ऑनलाइन माध्यम से नेवी की ऑफिशियल वेबसाइट joinindian-navy.gov.in पर जाकर फॉर्म भर सकेंगे। भारतीय नौसेना में अभ्यर्थी ने पदानुसार बीई/बीटेक/ मास्टर डिग्री इन इलेक्ट्रॉनिक्स- फिजिक्स/ एमएससी आईटी/ एमसीए/ एमएससी/ लॉ में डिग्री/ संबंधित क्षेत्र में पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री आदि प्राप्त की हो। पात्रता एवं आयु सीमा की पदानुसार विस्तृत डिटेल के लिए नीचे नोटिफिकेशन लिंक पर क्लिक पूरी जानकारी हासिल की जा सकती है। इंडियन नेवी की ओर से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक इस भर्ती के जरिये कुल 260 रिक्त पदों को भरा जाएगा।



#### ये है एप्लिकेशन प्रॉसेस

इस भर्ती में आवेदन के लिए जो उम्मीदवार पात्रता पूरी करते हैं वे वे भारतीय नौसेना के आधिकारिक भर्ती पोर्टल **joinindian-navy.gov.in** पर जाकर आवेदन कर। सकेंगे। एप्लिकेशन प्रॉसेस पूर्ण करने के लिए पहले पंजीकरण करना होगा और उसके बाद लॉग इन के माध्यम से अन्य डिटेल भरकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। आवेदन के लिए उम्मीदवारों के पास आधार नंबर होना जरूरी है। भर्ती से जुड़ी विस्तृत डिटेल के लिए अभ्यर्थी एक ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं या नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

#### सीनियर रेजिडेंट के पदों पर आवेदन शुरू

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नागपुर की ओर से सीनियर रेजिडेंट के पदों पर भर्ती के लिए आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी किया गया है। अगर आप एम्स नागपुर में नौकरी करना चाहते हैं, तो आप आज से इन पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं। एम्स, नागपुर की ओर से सीनियर रेजिडेंट के कुल 108 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर इन पदों के लिए आज से आवेदन कर सकते हैं। साथ ही इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 19 अगस्त, 2025 निर्धारित की गई है।

# 'तीज के रंग, स्नेह के संग' में छलका उत्सव, बॉलीवुड धुन पर थिरके कदम

### सावन उत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक गानों पर नृत्य कर झूले का लिया आनंद

**रायपुर।** *सामाजिक संस्था स्नेह द्वारा तीज महोत्सव 'तीज के रंग, स्नेह के संग' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम खासतौर पर महिलाओं के लिए रखा गया, जिसमें डांस और मनोरंजक खेलों के जरिए उत्सव का आनंद लिया गया। इस कार्यक्रम से जुटाई गई राशि का उपयोग महिलाओं और बच्चों से जुड़े सामाजिक कार्यों में किया जाएगा। कार्यक्रम में मिसेज इंडिया उपविजेता जूही व्यास ने संस्था के समाजहित में किए जा रहे कार्यों को करीब से देखा और स्नेह की सराहना की। संस्था की श्वेता अग्रवाल ने बताया कि इस उत्सव से प्राप्त राशि को शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के आगामी प्रकल्पों में लगाया जाएगा। इस अवसर पर संगीता अग्रवाल, अंजू देवांगन, मुनमुन अग्रवाल और तनवीर कौर भी उपस्थित रहीं।*

#### मनोरंजक खेल में महिलाओं ने लिया हिस्सा



आस्क पैराडाइज प्रांगण में क्लब हाउस में सावन मिलन मनाया गया। इस दौरान सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान में उपस्थित थीं। कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पुरस्कार वितरण के साथ स्वल्पाहार का भी लुत्फ उठाया। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक खेल हुए। सावन व भक्ति गीतों के साथ सावन मिलन को सभी ने उत्सव के रूप में मनाया।





#### सावन कार्निवल में राजस्थानी गानों की रही धूम



वनबंधु परिषद महिला समिति की ओर से वृंदावन हॉल में मंगलवार को सावन कार्निवल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम राजस्थानी फ्लेवर पर रखी गई थी, जहां सभी ने पारंपरिक रूप से सोलह श्रृंगार किया। महिलाओं ने सावन महोत्सव मस्ती, संगीत और मंनोरंजन के साथ मनाया। उन्होंने मनोरंजन के लिए सावन के गीत गाए और पारंपरिक परिधानों में नृत्य करते हुए खूब एंजाय किया। मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि महिलाओं ने मस्तानी क्वीन, रैंप वॉक, हाऊजी और सावन क्वीन प्रतियोगिता में भाग लिया तथा ढेरों इनाम जीते। कार्यक्रम में सभी महिलाओं ने ग्रुप व सोलो डांस में प्रस्तुति दी। जब पिया ऐसो जिया में समाय गयो रे...में आरती ने सोलो परफॉर्मेंस किया तो बैठी महिलाएं अपनी जगह पर थिरकने लगीं। कविता टीम ने राजस्थानी गानों जैसे ठाड़े रहियो..., घूमर...पर झूमकर डांस किया। साथ ही कई महिलाओं ने बॉलीवुड व पारंपरिक गानों पर अपने साथ आडियंस व निर्णायकों को भी नचाया। कार्यक्रम समिति की अध्यक्ष कांता सिंघानिया व सचिव सरिता रेखानी के अगवानी में संपन्न हुआ।

#### पारंपरिक परिधान में मनाया सावन उत्सव

आनंद भूमि सोसाइटी में महिलाओं द्वारा सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पारंपरिक परिधान रहा, जिसमें सभी महिलाएं हरे रंग की खूबसूरत साड़ियों और चूड़ियों में सजकर पहुंचीं थीं। इस दौरान महिलाओं ने सावन के गीतों पर नृत्य किया और झूले का आनंद लिया, जिससे बचपन की यादें ताजा हो गईं। इस अवसर पर कई तरह के मनोरंजक खेलों और प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंत में महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर खूब डांस किया और इस खूबसूरत शाम का पूरा आनंद लिया।



## सिटी लाइव

### बारिश में भीगने से आक्रामक हो सकते हैं पेट्स, बेवजह न करें परेशान



**रायपुर।** इन दिनों शहर में कुत्ते और बिल्ली के काटने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। इधर हर साल रेबीज के संक्रमण की वजह से दर्जनों लोगों की जान तक चली जाती है। अधिकतर मामलों में लोगों की सामान्य लापरवाही ही घातक साबित हुई है, जिसमें समय रहते प्राथमिक उपचार और टीकाकरण नहीं कराया था। पशु चिकित्सकों की मानें तो बरसात में कुत्ते ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। इससे डॉग बाइट की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। थोड़ी सतर्कता और जागरूकता से इससे होने वाली घातक बीमारी से बचा जा सकता है। हरिभूमि टीम ने पशु चिकित्सक डॉ. पदम जैन से बात की। उन्होंने सलाह दी कि जो व्यक्ति लगातार जानवरों से संपर्क में रहते हैं, जैसे पशुपालक या नगर निगम कर्मी। ऐसे लोगों को हर साल रेबीज का टीका जरूर लगवाना चाहिए। डॉक्टर्स भी इसके लिए आगाह करते हैं। रेबीज एक घातक और लाइलाज बीमारी है। इसका एकमात्र बचाव समय पर किया गया टीकाकरण और सावधानी है।

#### इसलिए जानवर बरसात में होते हैं आक्रामक

डॉ. अभिषेक खरे ने बताया कि जांच के दौरान डॉक्टर्स को डॉग से संबंधित जानकारी दें। अक्सर देखा गया है, कि जब कुते या बिल्ली डर महसूस करते हैं, उस समय वे लोगों पर हमला करते हैं। चिकित्सकों ने बताया कि कुते या बिल्ली से छोटे बच्चों को अधिक खतरा होता है। बच्चों पर कुत्ते इसलिए हमला करते हैं, क्योंकि वे आते-जाते कुत्ते-बिल्ली के बच्चों को लेकर भागते हैं। ऐसे में पेट लवर्स इस बात का जरूर ध्यान दें। घर पर मौजूद जानवर को बच्चों के नजदीक न जाने दें। उनके बचाव का हरसंभव प्रयास करें।



#### जख्म को बहते पानी में अच्छे से धोएं

पशु चिकित्सक डॉ. अभिषेक खरे ने बताया कि यदि कुत्ता या बिल्ली काट ले तो सबसे पहले जख्म को 10 से 15 मिनट तक बहते पानी में अच्छे से धोएं। इसके बाद एंटीसेप्टिक क्रीम या लोशन लगाएं और तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। चिकित्सक की सलाह पर 5 पोस्ट बाइट वैक्सीनेशन लें, यह बचाव के लिए जरूरी है। रेबीज एक सिंपल वायरल डिजीज है, जो किसी रेबीज पॉजिटिव के संपर्क में आने के कारण होता है। स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए सजगता बेहद जरूरी है। इस तरह के केस में कभी भी अनदेखी नहीं करनी चाहिए।

# रैंप पर दिखा आदिवासी संस्कृति का रंग, टैलेंट राउंड में जलवा बिखेरा

**रायपुर।** निहार प्रोडक्शन की ओर से आयोजित मिस्टर, मिस एंड मिसेज सीजन-3 के ग्रैंड फिनाले में प्रदेशभर के 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान आदिवासी संस्कृति का अनोखा दृश्य देखने को मिला, जहां युवा कंटेस्टेंट अनेक आदिवासी जनजातियों के विशेष परिवेश में नजर आए। इस दौरान जोहार छत्तीसगढ़...के संबोधन से सभी ने दर्शकों को संबोधित किया। वहीं दूसरी ओर डेविल के आउटफिट में पहुंचे प्रतिभागियों ने भी अनोखे अंदाज में रैंप वॉक किया।



#### डेविल के अनोखे आउटफिट में रैंप वॉक

प्रतियोगिता में मिस्टर केटेगरी में शुभम, मिसेज केटेगरी में पिंकी मानिकपुरी विजेता रहे। वहीं मिस केटेगरी को दो ग्रुप्स में बांटा गया, डायमंड ग्रुप में वैष्णवी, सोनिया फर्स्ट रनरअप और क्रिस्टीना सेकंड रनरअप बनीं। वहीं गोल्ड ग्रुप में स्नेहा विजेता रहीं, उज्ज्वला फर्स्ट रनरअप और कुमकुम सेकंड रनरअप रहीं। संस्थान की डायरेक्टर नेहा पटेल ने बताया कि स्पर्धा में प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसमें रैंप वॉक, प्रश्नोत्तर और टैलेंट राउंड के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। निर्णायक मंडल में रितिका हंसराज, अनुराधा ठेठवार और आयशा फातिमा शामिल रहीं। कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि अशोक तिवारी, मनोज पंजवानी, दिनेश साहू, सुप्रसिद्ध गायक दुकालू यादव और सुनील सोनी की उपस्थिति रही।

# अलग-अलग उम्र की महिलाओं ने डांस और गीतों के साथ बांटी खुशियां



**रायपुर।** अगस्त माह के पहले रविवार को फ्रेंडशिप डे युवाओं के साथ साथ महिलाओं ने भी उत्साह के साथ मनाया। फ्रेंडशिप डे के मौके पर रविवार को ट्विनसिटी की महिलाओं ने एक खास मिसाल पेश की। एक व्हाट्सएप फ्रेंड्स ग्रुप से जुड़ी अलग-अलग उम्र की महिलाओं ने न सिर्फ दोस्ती निभाई, बल्कि साथ मिलकर गानों पर नाचे, मित्रता पर कविता सुनाई, पारंपरिक गीत गाए और ढेर सारी खुशियाँ बांटी। इस ग्रुप में 20 साल की युवतियों से लेकर 60 पार की गृहणियां भी फ्रेंडशिप डे सेलिब्रशन में पहुंची थी। लेकिन उम्र की दीवारें, समय की व्यस्तताएं और जिम्मेदारियाँ ये सब सेलिब्रेशन में पिघल गईं जब सभी ने मिलकर कहा हम दोस्त हैं... और रहेंगे। इस दौरान महिलाओं फ्रेंडशिप का कैप लगाकर नाचते-झूमते, एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड्स बाँधती दिखीं। ग्रुप की एडमिन और संयोजिका किरण सिंह ने बताया कि हमने लॉकडाउन के दौरान ये व्हाट्सएप ग्रुप बनाया था, लेकिन तब नहीं सोचा था कि ये रिश्ता इतना मजबूत हो जाएगा। आज हम न सिर्फ एक-दूसरे की सहेली हैं, बल्कि परिवार का हिस्सा भी बन चुकी हैं। इस मौके पर 'ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे', 'तेरे जैसा यार कहाँ' जैसे गीतों पर डांस हुआ।


### रक्षाबंधन पर स्वदेशी राखियों की धूम, देशभर से मंगवाई जा रहीं डिजाइनर राखियां

# राखी पर चॉकलेट बनी भावनाओं की भाषा, इमोजी और नाम से सजाकर भेज रहीं बहनें प्यार का तोहफा

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** रक्षाबंधन के नजदीक आते ही बहनों ने भाई को रक्षासूत्र भेजना शुरू कर दिया है। कई बार पढ़ाई, नौकरी या अन्य कारणों से भाई-बहन एक-दूसरे से दूर होते हैं। ऐसे में बहनें दूरी को कम करने राखी के साथ भाइयों को खास उपहार भी भेज रही हैं। इन दिनों बाजार में कस्टमाइज चॉकलेट का चलन तेजी से बढ़ा है। बहनें अपने दूरदराज रहने वाले भाइयों को राखी के साथ ऐसी अनोखी चॉकलेट भेज रही हैं, जो न सिर्फ स्वाद में मीठी है, बल्कि भावनाओं से भी भरपूर है। इस कस्टमाइज चॉकलेट को भाई का नाम, राखी का इमोजी, राखी बांधते हुए भाई-बहन के इमोजी, मिठाई, पूजन थाली जैसे कई इमोजी से सजाया जा रहा है। इस बार बहनों के लिए इमोशन व राखी की प्यारी यादों को चॉकलेट में सजाया गया है। कस्टमाइज रूप में चॉकलेट तैयार किया जा रहा, जिसमें सभी बहनें अपने भाइयों के लिए खास मैसेज के साथ बना रहीं। दुकान संचालक शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि राखी के लिए चॉकलेट हैं, पर भी तैयार किया जा रहा, जिसमें डिफरेंट डिजाइन में चॉकलेट कैंडी होती है। इसकी कीमत 200 से 2 हजार रुपए तक डिमांड के अनुसार बढ़ती जाती है।








#### बच्चों के लिए स्पेशल कार्टून वाली राखियां

शहर के विभिन्न स्थानों पर राखी बाजार सज गए हैं। आमापारा स्थित स्टॉल संचालक पवन धीवर ने बताया कि सुबह से ही दुकान में खरीदारों की भीड़ रहती है। इस वर्ष बजट फ्रेंडली डिजाइन राखियां लाई गई हैं। बच्चों के लिए मनपसंद कार्टून के डिजाइन में तैयार लाइट वाली राखियां लाई गई हैं। इसमें मोटू-पतलू, बाल गणेशा, छोटा भीम, स्पाइडरमैन, टॉम एंड जैरी के कार्टून हैं, जिसकी कीमत 80 से 150 रुपए तक है। दुकान के संचालक शक्ति कुमार ने बताया कि इस बार मार्केट में रेजीन आर्ट और एडी ज्वेलरी की राखियां लाई गई हैं, जिसकी कीमत 100-500 रुपए तक तय की गई। रेजीन आर्ट से तैयार राखियों में बिग ब्रो, हैप्पी रक्षाबंधन जैसे मैसेज लिखे हुए हैं। वहीं एडी ज्वेलरी की राखियों में फूलों के डिजाइन हैं, जिसे आकर्षक रूप में स्टोन के साथ तैयार किया गया है।

#### महिला समूह को कस्टमाइज राखी तैयार करने का ऑडर दे रहे

'रक्षाबंधन के नजदीक आते ही बाजारों में रौनक लौट आई है। राखी की खरीदारी को लेकर ग्राहकों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। गोलबाजार के थोक व्यापारी विमल कुमार जैन और पल्लव जैन ने बताया कि इस बार बाजार में देशी राखियों की मांग और आपूर्ति दोनों ही अच्छी है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष एक भी चाइनीज राखी बाजार में नहीं लाई गई है। पहले बच्चों के लिए कार्टून वाली राखियां चाइना से मंगाई जाती थीं, लेकिन इस बार ये सभी राखियां भारत के विभिन्न राज्यों से मंगाई गई हैं। डिजाइनर राखियां राजकोट, अहमदाबाद, सूरत, दिल्ली, कोलकाता और अंबाला जैसे शहरों से मंगाई गई हैं। बाजार में छोटे-बड़े व्यापारी सक्रिय हैं और अच्छी खरीदारी देखी जा रही है।' थोक व्यापारी विमल कुमार जैन ने बताया कि बाजार में लगभग 4-5 बड़े थोक व्यापारी शहर की महिला समूह को राखी तैयार करने का काम दे रहे हैं। ऐसे में सजावट की वस्तुएं महिलाओं को दी जाती हैं, जिसे वे राखी के रूप में तैयार कर व्यापारियों को बेच रही हैं। 6-24 रुपए प्रति दर्जन के हिसाब से यह कार्य कराया जा रहा है। दुकान संचालक ने बताया कि महिला समूह की प्रमुख को ऑर्डर दिया जाता है, जो महिलाओं को एकत्र कर काम करा रही हैं।

## सिटी लाइव

# गुरु-शिष्य परंपरा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यास पूजा



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार दुर्गा महाविद्यालय में व्यास पूजा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु-शिष्य परंपरा को बढ़ावा देना है, जहां राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी सुनीता चंसोरिया ने कहा कि शिक्षा में संस्कृति और संवेदनाओं का समावेश जरूरी है। कार्यक्रम की शुरुआत महर्षि वेदव्यासजी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने प्राचार्य एवं उपप्राचार्य का सम्मान किया। इस अवसर पर लगातार गुरु-शिष्य परंपरा के अनुसार क्रमबद्ध रूप से पूजन किया गया।

### छात्रों ने किया गुरुजनों का सम्मान

प्राचार्य डॉ. प्रतिभा मुखर्जी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से गुरु-शिष्य परंपरा को जीवंत रूप से युवा पीढ़ी तक पहुंचाया जा सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का मुख्य उद्देश्य सैद्धांतिक शिक्षा के साथ व्यावहारिक शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों की शिक्षा विद्यार्थियों को देना है। विद्यार्थियों में स्वअनुशासन, कृतज्ञता एवं संस्कार जागृत करना है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. सुरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि प्राचीन समय से गुरु-शिष्य परंपरा चली आ रही है। उन्होंने कई उदाहरण देकर अपनी बात रखी। ऐसे में चाणक्य, गुरु वशिष्ठ, द्रोणाचार्य, भगवान परशुराम एवं अन्य गुरुओं की महिमा के बारे में संबोधित किया गया।

## इवेंट लाइव

# ब्लैक-रेड थीम पर सजी महफिल दोस्तों के साथ मनाया फ्रेंडशिप डे




**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने दोस्तों के साथ फ्रेंडशिप डे मनाया। कार्यक्रम का आयोजन ओमॉया गार्डन में किया गया। कॉस्मो म्यूजिकल प्रीमियर थीम पर दोस्ती, संगीत और उमंग के साथ सभी ने एंजाय किया। इस दौरान ब्लैक व रेड थीम ड्रेसेज में नजर आए। बचपन के दिनों को याद करते हुए सब एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड्स बांधी और दोस्ती दिवस की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में संगीत, मनोरंजन, खेल और हंसी-मजाक का खूबसूरत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में शामिल सदस्यों ने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया और ईनाम जीते।

### क्लब के मेंबर्स ने किया ग्रुप डांस

कार्यक्रम के अंत में सबने साथ में डिनर किया और पूरे उत्साह के साथ ग्रुप डांस किया। यह शानदार आयोजन क्लब के मेंबर पीयूष सुराना और निकिता सुराना द्वारा किया गया। उन्होंने बताया, ऐसे आयोजन रोटरी क्लब की मित्रता, एकता और उत्सव की भावना मजबूत करते हैं।

## समाज लाइव

# स्कूली बच्चों ने वेस्ट मटेरियल से तैयार कीं आकर्षक राखियां



**रायपुर।** रक्षाबंधन के पूर्व डूण्डा स्थित देव्यानी पब्लिक स्कूल में राखी एवं मेहंदी बनाने प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह स्पर्धा बच्चों को सांस्कृतिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करने आयोजित की गई। प्रतियोगिता को तीन वर्गों में विभाजित किया गया, जिसमें कक्षा तीसरी से 5वीं तक के बच्चों ने प्राकृतिक वस्तुओं से, कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों ने रेशम धागों से और 9वीं-10वीं कक्षा के छात्रों ने वेस्ट मटेरियल से सुंदर तथा आकर्षक राखियां तैयार कीं। स्कूल ने सब बच्चों के विचारों को एक नया मंच प्रदान किया। विद्यालय के प्राचार्य एनके साहू ने इस अवसर पर कहा कि बच्चों की बनाई राखियां सुंदर व आकर्षक हैं।

### मेहंदी स्पर्धा में ओजस्वी प्रथम

कार्यक्रम के अंतिम में विजेताओं की घोषणा हुई, जिसमें प्रथम पांचवीं कक्षा की वैष्णवी वैष्णव, द्वितीय सेजल साहू व मोनिका साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं छठवीं-आठवीं वर्ग में ऐश्वर्या भारती प्रथम, खुशबू यादव द्वितीय और नैतिक साहू तृतीय स्थान पर रहे। मेहंदी प्रतियोगिता में ओजस्वी साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका ध्यान आकर्षित किया, जबकि दामिनी साहू द्वितीय और थरनवीर तृतीय स्थान पर रहीं। इस रचनात्मक आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों में चंदन साहू, सावित्री यादव, भुनेश्वरी साहू, अर्चना साहू, सविता साहू, मालविका चंद्राकर, जानकी धनगर, दिव्या सेन, ललिता दिवाकर, प्रेमलता पाल, टकेश्वरी साहू और अरुंधति साहू आदि का विशेष सहयोग और मार्गदर्शन रहा।

---

राष्ट्रीय स्तरीय नृत्य-संगीत प्रतियोगिता में बच्चों ने शास्त्रीय नृत्य समेत विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति पर दी प्रस्तुति

# भाव, तकनीक और भक्ति से बच्चों ने सजाया कथक मंच, नृत्य में रचा शिव तांडव और कृष्ण लीला

कृष्णा पब्लिक स्कूल और कृष्णा ललित कला महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को बच्चों ने कथक नृत्य से मंच सजाया। प्रस्तुति में नृत्य की मुद्रा के साथ चेहरे के भावों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कथक के विभिन्न रूप देखने को मिले, जिसमें देवताओं की आराधना से लेकर भगवान के जीवन क्रम को नृत्य में पिरोया।



**रायपुर।** नृत्य के माध्यम से भगवान शिव और माता पार्वती के रौद्र, सौम्य, करुणा और भक्तिमय स्वरूपों ने समा बांधा तो वहीं भगवान श्रीराम की बाल अवस्था, युवावस्था और महाराज रूपों ने रामायण की गाथा को प्रस्तुत किया। दिनभर चले कार्यक्रम में 80 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

### 5 मिनट की प्रस्तुति में रौद्र, सौम्य, करुणा और भक्तिमय स्वरूप का मंचन

मंच पर स्पेशल चाइल्ड अदा गुप्ता की कथक प्रस्तुति ने सभी दर्शकों और निर्णायकों का दिल जीत लिया। 12 वर्षीय नन्ही कलाकार अदा ने अपने भावपूर्ण नृत्य के माध्यम से भगवान शिव और माता पार्वती के रौद्र, सौम्य, करुणा और भक्तिमय स्वरूपों का अद्भुत मंचन किया। करीब 5 मिनट की प्रस्तुति में अदा ने न केवल कथक की तकनीकी बारीकियों को दर्शाया, बल्कि चेहरे के भावों से भी सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। अदा ने बताया कि वह पिछले एक साल से कथक की तैयारी कर रही हैं।

### थाल और मटके पर दी राजस्थानी घूमर की प्रस्तुति

कौशल महोत्सव के दौरान नन्ही प्रतिभागी की राजस्थानी लोकनृत्य घूमर की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। जैसे ही मंच पर राजस्थानी गीत पधारो म्हारे देश... की धुन गूंजी, प्रतिभागी ने जोशीले अंदाज में खम्मा घणी..कहते हुए मंच पर एंट्री ली। लगभग 3 मिनट की प्रस्तुति में प्रतिभागी ने पारंपरिक थाल और मटके के ऊपर संतुलन बनाते हुए घूमर नृत्य प्रस्तुति दी।




### नृत्य में पिरोया भगवान श्रीराम का जीवन क्रम

मंच पर 13 वर्षीय अद्वेषा कोकणे ने अपनी पहली कथक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। श्री रामचंद्र कृपालु भजमन...स्तुति से शुरू हुई प्रस्तुति में भगवान श्रीराम के जीवन जैसे जन्म, बाल अवस्था, युवावस्था और महाराज रूप को भाव माध्यम से प्रस्तुत किया गया। उनके चेहरे के भावों ने रामायण की गाथा को मंच पर जीवंत कर दिया। बातचीत में अद्वेषा ने बताया कि यह उनका पहला अवसर था, जब उन्होंने मंच पर कथक की प्रस्तुत दी। कहा कि उनकी मां कथक गुरु हैं और उन्हीं की प्रेरणा से शास्त्रीय नृत्य का ज्ञान मिला। अद्वेषा की नानी भी कथक गुरु रहीं, जिन्होंने उनकी मां को सिखाया और अब मां चाहती हैं कि वह इस विरासत को आगे बढ़ाते हुए खुद कथक गुरु बने।




### तबला, बांसुरी, गिटार बजाकर मोहा मन

कौशल महोत्सव में शामिल होने ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात, एमपी और छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से कुल 425 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। जहां शास्त्रीय नृत्य कथक, भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी, ओडिशा, मणिपुरी और लोकनृत्य छत्तीसगढ़ी, मराठी, गुजराती, राजस्थानी की प्रस्तुति की जा रही है। ऐसे में कई प्रतिभागी तबला, बांसुरी, गिटार जैसे अनेक वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति भी दे रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक डॉ. सुषमा मिश्रा ने बताया कि कोलकाता, असम, छत्तीसगढ़ और बिहार से अनुभवी कलागुरुओं को निर्णायक के रूप में आमंत्रित किया गया है। महोत्सव में 5-8, 8-13 और 14-18 वर्ष के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया है। बुधवार को अंतिम दिन 40 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि केपीएस के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर आशुतोष त्रिपाठी मौजूद रहेंगे।

---

# जीवन में छोटे-छोटे पाप भी पहुंचा सकते हैं बड़ी हानि



**रायपुर।** आत्मोत्थान चातुर्मास-2025 के अंतर्गत दादाबाड़ी में मंगलवार को प्रवचन के दौरान साध्वीश्री हंसकीर्ति ने धर्म, पाप और वैराग्य के गुण विषयों पर गहन विचार प्रस्तुत किए। साध्वीश्री ने कहा कि पाप दो प्रकार के होते हैं, प्रायोजन से और निस्प्रयोजन से। कुछ पाप हमारे पीछे चलते हैं और कुछ पाप ऐसे होते हैं जिनके पीछे हम स्वयं भागते हैं। जीवन में कई बार पाप अनजाने में भी किया जाता है, जो हमें दिखाई नहीं देता। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि महिलाएं जब रसोई में सब्जी काटती हैं, तब भी जीव हिंसा होती है। जब जीव को काटा जाता है, तब पाप होता ही है। ऐसे पाप सूक्ष्म होते हुए भी बड़े परिणाम ला सकते हैं। प्रवचन के दौरान साध्वीश्री ने भय के स्वरूप पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "मनुष्य को सांप से डर लगता है, क्योंकि उसका रूप भयानक होता है, लेकिन उसके बच्चे से नहीं डरता, जबकि वह भी उतना ही विषैला हो सकता है। जीवन में छोटे-छोटे पाप भी बड़े पापों जितनी ही हानि पहुंचा सकते हैं।" साध्वीश्री ने कहा कि केवल पाप करना ही नहीं, बल्कि पाप की बातें सुनना, उनका समर्थन करना या मौन सहमति देना भी पाप की श्रेणी में आता है।



### द्वेष नहीं, क्षमा का भाव अपनाएं

भावोल्लास चातुर्मास समिति एवं विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास प्रवचन श्रंखला में मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी महाराज ने क्षमापना विषय पर गहन एवं प्रभावशाली प्रवचन दिया। मुनिश्री ने कहा कि यदि आत्मा में द्वेष संचित हो जाए तो वह वैर में परिवर्तित हो जाता है। इसे स्पष्ट करते हुए उन्होंने उदाहरण दिया, जैसे जमीन पर गिरा पानी यदि समय रहते पोंछ दिया जाए तो जल्दी सूख जाता है, परंतु वही पानी बर्फ बन जाए तो पिघलने में समय लगता है। ठीक उसी प्रकार द्वेष जमीन पर गिरे पानी की तरह है और वैर जमी हुई बर्फ की तरह। इसलिए द्वेष को समय रहते समाप्त करना आवश्यक है। प्रवचन में मुनिश्री ने कहा कि धर्मशास्त्र का यह वचन सदैव स्मरण रखना चाहिए "जब्भावेण कया पुण किरीया तब्भावेण वुद्धी करी" अर्थात जिस भाव से आप कोई भी क्रिया करते हैं, उसी भाव की वृद्धि परलोक में होती है।

### अपनी योग्यताएं बढ़ाते जाएं, आत्मस्वरूप को पहचानें

टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में मंगलवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि हमारा जीवन निर्विकार होना चाहिए। विकार मुक्त जीवन ही हमारी आत्मा की अशुद्धियों को दूर कर परमात्मा बनाएगा। मोह, माया, मान, लोभ, क्रोध आदि विकार जीवन में नहीं होने चाहिए। केवल क्षमा का भाव होना चाहिए। ऐसा काम न करो, जिससे आपको नीचे गिरना पड़े। जैन धर्म भी कहता है, आप नीचे से ऊपर उठो। आत्मा से परमात्मा बनो। जीवन में विकार नहीं करना है। यह अभ्यास होना चाहिए कि स्थिति कैसी भी आए, साधना करते-करते ऐसी स्थिति प्राप्त करो कि मन की स्थिति न बिगड़े।



### प्रेमा भक्ति से ही सफल है मानव जीवन

देवेंद्र नगर स्थित कृषि उपज मांडी में निरंकारी संत समागम का आयोजन किया गया। समागम में निरंकारी राजपिता रमित ने मानव समाज को प्रेमा भक्ति का उपदेश देते हुए कहा कि प्रेमा भक्ति में प्रेम का जिक्र शब्दों तक सीमित न होकर भक्तों के जीवन से प्रकट होता है। निरंकारी माता सविंदरजी के जीवन का उदाहरण देते हुए उन्होंने फरमाया कि "भक्ति का ये उसूल है, के तू कुबूल तो तेरा किया सब कुबूल है"। ईश्वरीय प्रेम केवल एक क्रिया न होकर स्वयं को प्रेम रूप मे ढालना होता है। जहां प्रेम है, वहां केवल प्रीतम की ही बात होती है, ये सौदा अक्ल का नहीं, अक्ल को तो ये प्रेम समझ ही नहीं आता। मीरा, शबरी और कबीर जैसे अनेक भक्तों का जिक्र किया जाता है, ये भक्ति के उत्तम उदाहरण हैं। गुरसीख का रिश्ता गुरु से केवल प्रेम वाला ही होता है, वहां प्रेम के सिवा कुछ बचता ही नहीं। जैसे मजनू लैला का नाम लेता हुआ उसे सेहराओं मे ढूंढता रहता है और दीवानों कि तरह उसे पुकारता रहता है।



# दीक्षारंभ समारोह में शिक्षा का समझाया महत्व



**रायपुर।** कचहरी चौक स्थित श्रीमती प्रमिला गोकुलदास डागा कन्या महाविद्यालय दीक्षारंभ समारोह 2025-26 का आयोजन किया गया। इस अवसर मुख्य अतिथि आईएएस पूर्व आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग छग शासन शारदा वर्मा रहीं। उन्होंने कहा कि उम्र और अनुभव का अपना महत्व है, आज के दौर सोशल मीडिया की दखलदांजी बहुत बढ़ गई है, जिससे शारीरिक मानसिक ह्रास हो रहा है, जिसका प्रभाव शिक्षा के क्षेत्र पर पड़ने लगा है। उन्होंने छात्राओं से आव्हान किया कि वे समय की कीमत पहचानें और उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपने आपको स्थापित करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता अजय तिवारी अध्यक्ष शासी निकाय द्वारा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में मदन लाल तालेड़ा, डॉ. सुरेश शुक्ला, राजकिशोर नत्थानी, हरिवल्लभ अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. संगीता घई, डॉ. गायत्री शर्मा व समस्त स्टाफ के अलावा छात्राएं उपस्थित थीं।

**डागा गर्ल्स कॉलेज में आयोजन**

---

वृंदावन व बनारस के मंदिरों के तर्ज पर मनाया पांच दिवसीय महोत्सव

**कार्नर न्यूज**

# झूलन महोत्सव में भक्तिमयी भजनों की गूंज श्रीराधा-कृष्ण के दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु



**रायपुर।** टाटीबंध स्थित इस्कॉन मंदिर में चल रहे पांच दिवसीय 'झूलन महोत्सव' का भव्य शुभारंभ भक्तिमयी भजनों और पूजन अनुष्ठानों के साथ हुआ। महोत्सव की शुरुआत वैष्णव कीर्तन 'राधा-कृष्ण में प्राण मोरे कृष्णा प्रेममयी राधा मोये' जैसे मनमोहक भजनों के साथ की गई, जिसने भक्तों को आध्यात्मिक अनुभव से सराबोर कर दिया। इस दौरान मंदिर के संतों और भक्तों ने झूले में विराजमान राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं के समक्ष पूजन-अर्चन किया। इस दौरान सभी भजनों की धुन पर मंत्रमुग्ध दिखे। महोत्सव के पहले दिन ही श्रद्धालु मंदिर परिसर में श्रीराधा-कृष्ण के युगल जोड़ी की प्रतिमा के दर्शन करने पहुंचे।-





### अंतिम दिन होगी बलराम पूर्णिमा

झूलन महोत्सव का समापन 9 अगस्त को बलराम पूर्णिमा के भव्य आयोजन के साथ किया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में सुबह 8 बजे से देर रात 10 बजे तक लगातार भक्तिमय भजनों की धुन गूंजती रहेगी। बलराम पूर्णिमा के अवसर पर गौर निवाई (श्री कृष्ण-बलराम) की प्रतिमा का विशेष अभिषेक किया जाएगा, जिसमें 7 प्रकार के फलों का रस, पंचामृत, तीन प्रकार की औषधियों, सफेद तिल और चंदन का उपयोग किया जाएगा। यह अभिषेक परंपरागत वैदिक विधि से सम्पन्न होगा। साथ ही पारंपरिक रूप से मिट्टी के बर्तनों में 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा।

### वृंदावन-बनारस की तर्ज पर पूजन अनुष्ठान

मंदिर परिसर में देर शाम भगवान श्रीराधा-कृष्ण के उत्सव विग्रह को गर्भगृह से बाहर झूले पर विराजित किया गया। इस दौरान महामंत्र हरे कृष्ण, हरे रामा के जयघोष से मंदिर परिसर गूंज उठा। मंदिर से वरिष्ठ तमाल कृष्ण प्रभु ने बताया कि यह महोत्सव ब्रह्म-मध्व-गौड़ीय वैष्णव संप्रदाय की परंपरा के अनुरूप आयोजित किया गया है। पांच दिवसीय यह आयोजन वृंदावन व बनारस स्थित श्रीराधा-कृष्ण मंदिरों की तर्ज पर मनाया जा रहा है। महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन भजन, कीर्तन और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा। संध्या आरती के दौरान सौ से अधिक श्रद्धालुओं ने दीपदान किया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीबीएसई क्लस्टर 2 बैडमिंटन की विजेता रही डीपीएस रायपुर की टीम



**रायपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल फरक्का एनटीपीसी मुर्शिदाबाद (पश्चिम बंगाल) में सीबीएसई क्लस्टर 2 बैडमिंटन टूर्नामेंट 1 अगस्त से 3 अगस्त तक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में डीपीएस रायपुर अंडर 14 बालक की टीम ने फाइनल जीत कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। विजेता टीम के मंगलवार की सुबह पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत ढोल नगाड़ों और फूलों से किया गया।

इस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़,पश्चिम बंगाल और उड़ीसा की टीमों ने हिस्सा लिया। इसमें 113 स्कूलों ने भाग लिया। जिसमें 600 बालकों और 300 बालिकाओं सहित कुल 900 खिलाड़ी शामिल थे। डीपीएस रायपुर ने डीएवी पब्लिक स्कूल बैरकपुर की टीम को फाइनल में हराया रायपुर की टीम में अभिमन्यु सिंह ,शाश्वत मिश्रा और श्रेयांस मिस्त्री शामिल रहे। टीम के कोच शक्ति मिश्रा ने बताया कि सीबीएसई की नेशनल स्पर्धा गुड़गांव (हरियाणा) में सितंबर माह में होगी। इसमें विजेता टीम भुवनेश्वर जोन का प्रतिनिधित्व करेगी। उल्लेखनीय है कि इसके पहले 2024 में केपीएस भिलाई द्वारा आयोजित सीबीएसई क्लस्टर-2 बैडमिंटन टूर्नामेंट भी डीपीएस रायपुर अंडर-14 बालक टीम ने जीता था। स्कूल के खिलाड़ी दो वर्षों से लगातार चैंपियन हैं।

### सीनियर वुमेंस क्रिकेट में छत्तीसगढ़ ने झारखंड को 6 विकेट से हराया



**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी द्वारा सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी 20 अभ्यास मैच 2024-25 में छत्तीसगढ़,झारखंड, पुडुच्चेरी और हिमाचल प्रदेश आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। मंगलवार को फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ ने झारखंड को हराया। पुडुच्चेरी में हुए फाइनल मुकाबले में झारखंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 85 रन बनाये। झारखंड की ओर से अनंदिता किशोर ने नाबाद 23 रन तथा सोनिया ने 17 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रतिज्ञा सिंह, प्रीति यादव तथा महक नरवसे ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 86 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ़ ने 17.3 ओवरों में 4 विकेट खोकर 91 रन बनाकर मैच आसानी से अपने नाम कर लिया। छत्तीसगढ़ की ओर से सृष्टि शर्मा ने नाबाद 24 रन तथा प्रीति यादव ने नाबाद 19 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त कृति गुप्ता ने भी 18 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से दुर्गा कुमारी तथा ममता पासवान ने 1-1 विकेट प्राप्त किये। नाबाद 19 रन तथा 2 विकेट लेकर प्रीति यादव प्लेयर ऑफ द मैच बनी। छत्तीसगढ़ ने 6 विकेट से मैच जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ की कृति ने बनए 74 रन और उर्मिला ने लिए 2 विकेट






**रायपुर।** क्रिकेट एसोसिएशन पुडुच्चेरी की ओर से सीनियर वुमेंस इंटर स्टेट टी 20 अभ्यास मैच 2024-25 आयोजित किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ सहित झारखंड पांडेचेरी, हिमाचल प्रदेष आदि टीमें हिस्सा ले रहीं है। छत्तीसगढ़ ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर ओवर में झारखंड को हराया। 04 अगस्त सोमवार को छत्तीसगढ़ का मैच झारखंड के विरुद्ध पुडुच्चेरी में खेला गया। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। बारिश की वजह से मैच 15 ओवरों का खेला गया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 119 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से कृति गुप्ता ने नाबाद 74 रन और शिवानी कृष्णा ने नाबाद 15 रनों का योगदान दिया। झारखंड की ओर से ममता पासवान तथा दुर्गा कुमारी मुर्मु ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। 120 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड टीम 15 ओवरों में 6 विकेट खोकर 119 रन ही बना पाई। झारखंड की ओर से अश्वनी कुमारी ने 66 रन तथा खुशबू कुमारी ने नाबाद 35 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से तरन्नुम पठान तथा उर्मिला हरीना ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करने उतरी झारखंड की टीम कोई भी रन नहीं बना सकी। छत्तीसगढ़ की ओर से उर्मिला हरीना ने पहली 2 गेदों पर 2 विकेट प्राप्त कर झारखंड की पारी समाप्त कर दी। छत्तीसगढ़ ने पहली ही गेंद पर 4 रन बनाकर मैच आसानी से जीत लिया। छत्तीसगढ़ ने मैच सुपर ओवर से जीत लिया।

### बारिश की नमी घातक होती है आपके कान के लिए, रखें पूरा ध्यान

# बरसात के मौसम में बढ़ जाता है कान के इंफेक्शन का खतरा, जानें वजह, लक्षण और बचाव के उपाय

मानसून में बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। बारिश के मौसम में कई तरह के संक्रमण शरीर में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं, जिसके कारण सर्दी, खांसी और जुकाम होना आम बात है। लेकिन बरसात के मौसम में कुछ लापरवाहियों के कारण इंफेक्शन का खतरा अधिक होता है। फंगल इंफेक्शन और सीजनल फ्लू के अलावा त्वचा, आंख और कान भी प्रभावित होते हैं। इस मौसम में अक्सर कान का इंफेक्शन अधिकतर लोगों को परेशान करता है। बारिश के पानी के कारण कानों में तेज दर्द, कान सुन्न होना या कान संबंधी अन्य किसी समस्या को महसूस करते हैं। इसके साथ ही कान में खुजली भी हो सकती है। ऐसे में अगर बारिश के मौसम में अगर आप भी कान की समस्या से परेशान हैं तो हो सकता है कि आप कान का इंफेक्शन हुआ हो। इयर इंफेक्शन के लक्षण जानकर मानसून में कान की समस्या से बचने के लिए उपाय अपना सकते हैं। चलिए जानते हैं कान के इंफेक्शन के लक्षण और बचाव के उपाय।







#### कानों में इंफेक्शन की वजह

विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश के मौसम में आंख, कान और त्वचा से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती हैं। इसका कारण ह्यूमिडिटी होती है, जो कि फंगल इंफेक्शन को उत्पन्न करने वाले बैक्टीरिया के लिए प्रजनन स्थल हो सकती है। कान में गंदगी और ईयरबड्स के निशान भी कान के संक्रमण की वजह बन सकते हैं।

#### कानों के इंफेक्शन के लक्षण

कानों में दर्द होना।कान के अंदर खुजली होना। कान का बाहरी हिस्सा लाल होना। सही से आवाज सुनाई न दे पाना।कानों में भारीपन महसूस होना। कान से सफेद या पीले रंग का पस निकलना।

#### कान के संक्रमण की समस्या से बचने के टिप्स

मानसून में कानों में आने वाली नमी से बचने के लिए कान को हमेशा साफ और सूखा रखें। कान को पोंछने के लिए नरम कॉटन के स्वच्छ कपड़े का उपयोग करें। हमेशा ईयरफोन या ईयरबड्स का इस्तेमाल न करें। दूसरे के इस्तेमाल किए गए ईयरफोन का उपयोग न करें।ईयरफोन का समय समय पर डिसइनफेक्ट करें, ताकि संक्रमण का जोखिम कम हो। गले में इंफेक्शन या खराश के कारण भी कानों का संक्रमण हो सकता है। इसलिए गले का ख्याल रखें। हर 6 महीने में ईएनटी विशेषज्ञ से जांच जरूर कराएं।



## मधुमेह भी हो सकती है त्वचा में होने वाली समस्याओं की वजह

त्वचा में खुजली, खुस्की, लालिमा जैसी समस्याएं होना सामान्य है, ये किसी एलर्जी, प्रतिक्रिया या बीमारियों के कारण हो सकती है। पर हर बार इन समस्याओं को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए। त्वचा की कुछ समस्याएं अंतर्निहित बीमारियों का संकेत भी हो सकती हैं जिसके बारे में गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक हो जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, त्वचा में खुजली, ड्राई स्किन जैसी समस्याएं रक्त संचरण की समस्याओं के कारण हो सकती हैं और परिसंचरण में होने वाली समस्याएं गंभीर समस्याकारक भी हो सकती है, इसलिए इनपर ध्यान दिया जाना बहुत आवश्यक है।

डॉक्टर कहते हैं, मधुमेह जैसी क्रोनिक बीमारियों की स्थिति में त्वचा से संबंधित विकारों का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। डायबिटीज की स्थिति वाले कुछ लोगों में त्वचा की समस्याएं गंभीर रूप भी ले सकती हैं। यदि आपका भी ब्लड शुगर लेवल अक्सर अनियंत्रित रहता है तो इन समस्याओं पर गौर करना बहुत आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं कि डायबिटीज वाले लोगों में त्वचा की



किन समस्याओं को जोखिम अधिक हो सकता है?

#### त्वचा पर छालों की समस्या

मधुमेह वाले लोगों में त्वचा पर छाले होने की दिक्कत काफी आम है, इसमें हाथों की उंगलियों, पैर की उंगलियों, हाथों, पैरों में छाले होने लगते हैं। आमतौर पर ये छाले सफेद होते हैं। छाले डरावने लग सकते हैं, लेकिन वे आम तौर पर दर्द नहीं देते और लगभग दो-तीन सप्ताह में अपने आप ठीक हो जाते हैं। ये छाले इस बात का संकेत हो सकते हैं कि आपको मधुमेह है या आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं है। इस समस्या पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना आवश्यक माना जाता है।

#### डिजिटल स्केलेरोसिस

मधुमेह के शिकार लोगों में डिजिटल स्केलेरोसिस होने का खतरा भी काफी आम होता है, जिसमें आपकी त्वचा सामान्य से मोटी हो जाती है। टाइप-1 और टाइप-2 दोनों प्रकार के डायबिटीज के शिकार लोगों में ये समस्या हो सकती हैं। हाथों के पीछे या उंगलियों या पैर की उंगलियों पर त्वचा मोटी और मोम नुमा हो सकती है। अगर आपके ब्लड शुगर का स्तर नियंत्रित नहीं रहता है तो इस रोग के विकसित होने का जोखिम अधिक होती है।

#### नेक्रोबायोसिस लिपोइडिका

नेक्रोबायोसिस का मतलब है कोशिकाओं का डेड होना। आपकी त्वचा पर छोटे, उभरे हुए, लाल धब्बे धीरे-धीरे बड़े और चमकदार हो जाते हैं और कभी-कभी पीले हो जाते हैं। इसमें त्वचा पतली और फट भी सकती है, जिससे घाव हो सकते हैं जिसमें अल्सर होने का भी खतरा देखा जाता रहा है।

## पूर्वी क्षेत्र स्केटिंग चैंपियनशिप में 200 से अधिक विजेता

**रायपुर।** सीबीएसई पूर्वी क्षेत्र स्केटिंग चैंपियनशिप का आयोजन कृष्णा पब्लिक स्कूल सरोना में शानदार ऊर्जा और उत्साहजनक भागीदारी के साथ किया गया। पाँच दिवसीय इस खेल महाकुंभ में भारत के पूर्वी क्षेत्र के युवा स्केटर्स ने कड़ी प्रतिस्पर्धा, अदम्य दृढ़ संकल्प और उल्लेखनीय प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप का उद्घाटन 31 जुलाई को विशिष्ट अतिथियों ने किया। अंडर-9, अंडर-11, अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्गों में इनलाइन और क्वाड्स प्रारूपों में सात रेसिंग स्पर्धाओं में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और छत्तीसगढ़ ने भाग लिया। 500 मीटर वर्ग में बालक-बालिकाओं दोनों के लिए कुल 80 से अधिक मैच आयोजित किए गए, जिसके परिणामस्वरूप 210 पदक विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।




#### पदक हासिल करने का जश्न मनाया खिलाड़ियों ने


विभिन्न श्रेणियों के तहत, विजेताओं ने स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्राप्त करने का जश्न मनाया। विजेताओं में स्मृति कौर ने स्वर्ण पदक और रिद्धिमा देव ने रजत हासिल किया। सुंदर 14 इनलाइन 500 मीटर दौड़ में अंकित सिंह (स्वर्ण), हृदय मेधी (रजत), अनुराग पॉल (कांस्य) विजेता रहे। अंडर 17 पुरुष इनलाइन में रिद्धिमान बनर्जी (स्वर्ण), देबेन पटनायक (रजत), अक्षत जैन (कांस्य) विजेता रहे। अंडर 11 क्वाड्स पुरुष वर्ग में 500 मीटर दौड़ में रोनव तालुकदार ने स्वर्ण, जयस्तु सरदार ने रजत और अहान अग्रवाल ने कांस्य पदक जीता जबकि महिलाओं में आद्या त्रिपाठी ने स्वर्ण, वैनावी दुगा ने रजत, मोरेरा तोदी ने कांस्य पदक जीता। अंडर 11 इन लाइन महिला विजेताओं में कीरत कौर (स्वर्ण), तन्वी केडिया (रजत), शरण्या खटानियार (कांस्य) शामिल हैं।

## आपके तलवे में छिपा है किस्मत का राज

फुट रीडिंग भारत और चीन में एक प्राचीन अवधारणा है और इसमें एक व्यक्ति को अपने पैर की उंगलियों या अपने तलवों की रेखाओं के बारे में जानकारी लेना शामिल है। यह व्यापक रूप से माना जाता है कि तलवे अपने पैरों के शीर्ष की तुलना में किसी व्यक्ति के बारे में अधिक बताते हैं और आपके भविष्य की जानकारी भी देते हैं।

#### बनावट बताती है स्वभाव

शीतल बताती हैं कि आपके पैरों के तलवों से आप किसी भी व्यक्ति के स्वभाव के बारे में जान सकते हैं। इसमें कुछ ख़ास बातें ध्यान देनी चाहिए। आइए जानें क्या हैं वो बातें – यदि आप अपने तलवे की गद्दी के बीच खड़ी रेखाएं देखते हैं तो आप शायद आत्म-सम्मान में कम महसूस कर सकते हैं।



























## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'वंडर वुमन' में गैल गडोट के दिखने को लेकर संशय, डायरेक्टर जेम्स गन ने बताया सच



डीसी स्टूडियोज के डायरेक्टर जेम्स गन ने अपनी फिल्म 'वंडर वुमन' की कास्टिंग पर चल रही अफवाहों पर रिएक्ट किया है। कहा जा रहा है कि जेम्स गन 'वंडर वुमन' में मिली एलकॉक या एड्रिया अर्जोना को ले सकते हैं। फिल्ममेकर जेम्स गन 'सुपरमैन' की रिलीज के बाद अब अपनी नई फिल्म 'वंडर वुमन' को लेकर चर्चा हैं। कहा जा रहा था कि जेम्स गन अपनी डीसी यूनिवर्स की 'वंडर वुमन' फिल्म के लिए टीवी एक्ट्रेस मिली एलकॉक को लेने की योजना बना रहे हैं, जो 'सुपरगर्ल' का हिस्सा थीं। इसके बाद से यह भी चर्चा होने लगी कि 'वंडर वुमन' से अब गैल गडोट रिप्लेस हो जाएंगी, जिन्होंने इस किरदार को दुनियाभर में पहुंचाया। गैल गडोट की 'वंडर वुमन 3' कैंसिल होने के बाद जेम्स गन के डीसी यूनिवर्स की नई 'वंडर वुमन' फिल्म की खूब चर्चा हो रही थी। लेकिन जेम्स गन ने 'वंडर वुमन' की कास्टिंग को लेकर चल रही अफवाहों पर रिएक्ट किया है। उन्होंने 'थ्रेड्स' पर थ्रेड्स पर फैंस द्वारा शेयर की गईं अफवाहों पर रिएक्ट करते हुए लिखा कि फिलहाल 'वंडर वुमन' फिल्म के लिए कास्टिंग शुरू नहीं की गई है। जेम्स गन ने यह भी कहा कि वह अभी न तो एक्टर्स की तलाश कर रहे हैं और ना ही इसकी चर्चा कर रहे हैं। कम से कम तब तक तो नहीं, जब तक स्क्रिप्ट खत्म नहीं हो जाती।'वहीं, जेम्स गन ने 'वंडर वुमन' में टीवी एक्ट्रेस मिली एलकॉक के साइन किए जाने की खबरों पर रिएक्ट करते हुए लिखा, 'नहीं। और मैं कभी भी किसी बड़े रोल की तलाश इस आधार पर नहीं करूंगा कि उन्होंने टीवी में काम किया है, फिल्में या कुछ और किया है।

### टॉलीवुड

## सिनेमाघरों के बाद 'किंगडम' स्ट्रीम होगी ओटीटी पर, दर्शकों को है बेसब्री से इंतजार



विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' जो हिंदी में 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज हुई है। इस फिल्म की ओ टी टी रिलीज को लेकर एक अहम जानकारी सामने आई है। साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीमिंग के लिए तैयार है। खबर के मुताबिक, ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने 'किंगडम' के आधिकारिक तौर पर स्ट्रीमिंग राइट्स हासिल कर लिए हैं। यानी सिनेमाघरों में रिलीज होने के चार हफ्तों बाद दर्शक इस फिल्म को नेटफ्लिक्स पर देख सकेंगे। सब कुछ सही रहा तो 'किंगडम' इस महीने के आखिर तक नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू कर सकती है। विजय देवरकोंडा की फिल्म 'किंगडम' को तेलुग भाषा में इसी नाम से रिलीज किया गया है, जबकि इसी फिल्म को हिंदी में 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया गया है। इस फिल्म का निर्देशन गौतम तिन्ननुरी ने किया है। इस फिल्म में विजय के अलावा भाग्यश्री बोरसे ने मुख्य भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्माण नागा वामसी और साई सौजन्या ने सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज बैनर के तहत किया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने दिया है।
31 जुलाई को रिलीज हुई विजय देवरकोंडा और भाग्यश्री बोरसे की फिल्म 'किंगडम' ने पहले दिन गुरुवार बॉक्स ऑफिस पर 15.75 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला। वहीं आज शुक्रवार को दूसरे दिन फिल्म ने 0.12 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। यह आंकड़े पूरे दिन में बदलेंगे। बहरहाल, फिल्म ने अभी तक बॉक्स ऑफिस पर कुल 15.87 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है।

### भोजपुरी

## सावन के माहौल में 'शिव कैलाशों के वासी'की मची धूम, प्रियंका ने जमाया रंग



सावन का महीना चल रहा है और इस समय हर कोई शिवभक्ति में लीन है। 'शिव कैलाशों के वासी' गाने के कई वर्जन आ चुके हैं। अब इसका फीमेल वर्जन आया है, जिसे प्रियंका सिंह ने गाया हैऔर ये गीत कुछ दिनों पहले ही यूट्यूब पर रिलीज किया गया है। इस गीत को सुनकर भी आपको सुकून मिलेगा और आप इस गीत में कहीं खो जाएंगे। इस गीत में प्रियंका सिंह ही नजर आई हैं और पूरा गाना वैसा ही है, जो हंसराज रघुवंशी के 'शिव कैलाशों के वासी' में था। फिर भी आपको एक बार इस फीमेल वर्जन को सुन लेना चाहिए, आइए बताते हैं इसे किस यूट्यूब चैनल पर सुन सकते हैं? भोजपुरी सिंगर प्रियंका सिंह ने कई सुपरहिट गाने गाए हैं, लेकिन इस बार उन्होंने एक हिंदी भक्ति गाने का फीमेल वर्जन गाया जो दिल को सुकून देने वाला है। इस शिव भजन को 20 जुलाई को नोवा स्प्रिचुअल इंडिया नाम के यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया गया था। प्रियंका सिंह की आवाज में गाए इस गीत का म्यूजिक विनीत सिंह ने बनाया जो ओरिजनल सॉन्ग से अलग हैं। इस म्यूजिक वीडियो को विनीत सिंह ने ही डायरेक्ट भी किया है। इस गीत को बिलिव अस इंडिया प्रोडक्शन बैनर तले बनाया गया है। इस गाने में प्रियंका सिंह अलग-अलग शिव मंदिरों के दर्शन करती हैं और गंगा घाट पर इस भजन को गाते हुए शिवभक्ति में लीन दिखाई गई हैं। इस यूट्यूब चैनल पर पहले भी कई भोजपुरी सिंगर्स के भक्ति गाने अपलोड किए हैं, जिन्हें लोग खूब पसंद भी करते हैं।

### लाइफ स्टाइल




फैशन फर्म डायर विमेन की क्रिएटिव डायरेक्टर मारिया ग्राज़िया चिउरी ने ब्रांड का हाउते कॉउचर संग्रह प्रस्तुत किया, जिसमें कला और शिल्प का संयोजन है। न्यूयार्क फैशन वीक के दौरान पेश किए गए इस कलेक्शन को खूब तारीफ मिली।

## बालों की ग्रोथ के लिए दही में मिलाकर करें इनका इस्तेमाल

बालों की ग्रोथ के लिए अक्सर हम बाजार में मिलने वाले प्रोडक्ट का इस्तेमाल करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हमें ऐसा लगता है कि इनको लगाने से बाल जल्दी बड़े हो जाएंगे। लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। बल्कि इनमें मौजूद हार्मफुल केमिकल बालों को रफ और बेजान बना देते हैं। इससे अच्छा है की आप बालों में दही का इस्तेमाल करें। इससे बाल प्राकृतिक रूप से हेल्दी हो जाएंगे। साथ ही लंबे और घने नजर आएंगे। आप इसका इस्तेमाल यहां बताए गए इन 2 तरीकों से कर सकती हैं और बालों को लंबा कर सकती हैं।



### दही और ब्राह्मी का करें इस्तेमाल

हेयर ग्रोथ के लिए अलग-अलग चीजों के इस्तेमाल की जगह आप बालों में दही और ब्राह्मी का इस्तेमाल कर सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें मौजूद विटामिन, एंटीऑक्सीडेंट्स और मिनरल्स बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छा होता है।

### इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए सबसे पहले आपको एक कटोरी में दही लेना है। फिर इसमें ब्राह्मी पाउडर को मिक्स करना है। अब इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स करना है। इसके बाद बालों में लगाना है और अच्छे से मसाज करनी है।अब इसे 20-30 मिनट के लिए बालों में लगा रहने दें। फिर शैंपू लगाकर बालों को साफ कर लें। इससे आपके बाल लंबे भी हो जाएंगे और मजबूत भी नजर आएंगे।

### दही और मेथी दाने का करें इस्तेमाल

बालों की ग्रोथ अच्छी हो वो हर कोई चाहता है। इसलिए अक्सर हम उन चीजों का इस्तेमाल करते हैं जो घर में ही मौजूद होती है। ऐसे में आप दही (हेयर रीग्रोथ) और मेथी दाने का इस्तेमाल बालों में लगा सकती हैं। इससे बाल बहुत जल्दी बढ़ने शुरू हो जाते हैं।

### इस तरह करें इस्तेमाल

इसके लिए रात भर मेथी दाना भिगोकर रखें। अब अगली सुबह उठकर इसे मिक्सी में पीस लें। फिर इस पेस्ट को एक कटोरी में निकाल लें। अब इसमें दही मिलाएं और इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स (लंबे बालों का घरेलु नुस्खा) कर लें। इसके बाद इसे अपने बालों में अप्लाई करें।

## अलग दिखना है खूबसूरत तो फॉलो करें सेलेब्स के ट्रेंडी लुक्स



त्यौहार या खास मौकों पर आप भी खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो सेलिब्रिटी इंस्पायर लुक क्रिएट कर सकती हैं। त्योहारों में नए-नए कपड़े और ज्वेलरी पहनकर तैयार होना तो बनता है। एएशए णऔखऔँ फ्र अगर आप भी सेलिब्रिटी की तरह खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो उनके स्टाइल किए गए लुक्स को रीक्रिएट कर सकती हैं। इससे आप बहुत खूबसूरत लगेंगी।

### आलिया भट्ट का साड़ी लुक



अगर आप खूबसूरत दिखना चाहती हैं तो आप आलिया भट्ट की इस मिरर बॉर्डर वर्क साड़ी को स्टाइल कर सकती हैं। ऑरेंज कलर की इस साड़ी में आलिया बेहद खूबसूरत लग रही हैं इसे स्टाइल बाय अमी ने डिजाइन किया है। इस पूरी साड़ी में बॉर्डर पर मिरर वर्क और बीड्स लटकन का वर्क हुआ है। इसके साथ उन्होंने ब्लाउज भी मिरर वर्क वाला पहना है। आप भी इस तरीके की साड़ी को वियर कर सकती हैं। ये काफी सुंदर लगती है। इस साड़ी के साथ लाइट वेट ज्वेलरी और ओपन हेयर स्टाइल बनाएं। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 1500 से 2000 रुपये में मिल जाएगी।

### जान्हवी कपूर का ऑफ व्हाइट साड़ी लुक



अगर आपको सिंपल लुक क्रिएट करना है तो इसके लिए आप जान्हवी कपूर के इस लुक को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें उन्होंने ऑफ व्हाइट साड़ी (ब्लाउज डिजाइन) को वियर किया है। साड़ी सिंपल होने की वजह से ब्लाउज हैवी रखा है। इसमें बॉर्डर पर जाली वाला वर्क हुआ है। इस तरीके की साड़ी आप भी वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग डिजाइन भी मिलेगें।

## फेस शेप के हिसाब से सही नथ चुनना आसान, दिखेंगी स्टाइलिश

नथ के अलग-अलग डिजाइन आपको मिल जाएंगे। जिन्हें आप किसी खास ओकेजन पर स्टाइल कर सकती हैं। कई सारे डिजाइन आपको अच्छे भी लगेंगे। लेकिन फिर भी आप उसे स्टाइल नहीं कर पाएंगी। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें वियर करने के लिए आपको अपने फेस शेप का खास ध्यान रखना होगा। हर किसी का फेस कट अलग-अलग होता है जिसके हिसाब से डिजाइन क्रिएट किए गए होते हैं। आप भी यहां बताई गई बातों का ध्यान रखकर सही नथ चुन सकती हैं।



### लंबे फेस के लिए नथ डिजाइन

अगर आपका फेस लंबा है तो इस फेस कट के लिए आप सिंपल वर्क वाली नथ खरीद सकती हैं। इसमें आपको सिर्फ गोल्ड का तार मिलेगा। जिसमें नीचे की तरफ मोती लगा होगा और पर्ल लटका होगा। इसी के साथ लटकन में पर्ल लगा होगा। इस तरह के नथ डिजाइन लंबे फेस वाली लड़कियों पर काफी अच्छे लगते हैं। अगर आप हैवी खरीदेंगी तो वो आपके फेस को छोटा दिखाएगी। इसलिए आप इन्हें खरीदें और करवा चौथ पर वियर करें।

### गोल फेस के लिए नथ डिजाइन

नथ के अलग-अलग डिजाइन आपको ऑनलाइन और मार्केट में देखने को मिल जाएंगे। ऐसे में अगर आपका फेस गोल है तो इसके लिए आप लंबी नहीं बल्कि (गोल चेहरे के लिए नोज पिन डिजाइन) छोटी नथ खरीद सकती हैं। छोटी नथ का आजकल काफी ट्रेंड भी चल रहा है। आपको इसमें हैवी वर्क भी मिल जाएगा और सिंपल वर्क वाले डिजाइन भी मिल जाएंगे। जिन्हें वियर करके आप खूबसूरत लग सकती हैं।

## पोर्स को साफ करने के लिए करें घरेलू चीजों का इस्तेमाल

चेहरे की त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई प्रोडक्ट्स को चेहरे पर लगाते हैं। वहीं इन प्रोडक्ट्स को बनाते समय कई तरीके के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है जो त्वचा के लिए हानिकारक साबित हो सकता है। वहीं चेहरे की त्वचा को साफ और निखरा हुआ बनाने के लिए पोर्स की सफाई करना भी बेहद जरूरी होता है। अक्सर बाहरी गंदगी और गलत खान-पान के कारण चेहरे पर मौजूद पोर्स गंदे हो जाते हैं। इसके लिए आप घरेलू चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं और चेहरे पर मौजूद पोर्स को साफ कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं कौन-सी हैं वो चीजें और उनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं।

### चेहरे पर दही लगाने के फायदे क्या हैं?

त्वचा पर निखार लाने के लिए भी दही बेहद फायदेमंद होता है। दही स्किन में दिखने वाले एजिंग साइंस को कम करने में मदद करती है। इसका का इस्तेमाल करने से चेहरे की त्वचा लंबे समय तक जवां और खूबसूरत नजर आती है।



### चेहरे पर कॉफी पाउडर से क्या होता है?

कॉफी पाउडर स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। इसका इस्तेमाल स्किन में मौजूद गंदगी को खत्म करने के लिए भी किया जाता है। साथ ही कॉफी त्वचा में मौजूद डेड सेल्स को निकालने में मदद करता है। आपको बता दें कि कॉफी पाउडर धूप से होने वाले स्किन डैमेज से भी बचाता है। सबसे पहले एक बाउल में करीब 2 से 3 चम्मच दही की डालें। इसमें अब आप आधा चम्मच कॉफी की डालें और दोनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें। इसके बाद ब्रश की मदद से इसे अपने चेहरे पर लगाएं।

### कार्नर न्यूज

#### साड़ी लुक को आकर्षक बनाने के लिए ब्लाउज का मैचिंग डिजाइन चुनना बेहद जरूरी

## चौड़े कंधों पर खूब जचेंगे ब्लाउज के आकर्षक डिजाइंस, लोग करेंगे तारीफ

साड़ी पहनना हम सभी बेहद पसंद करते हैं और इसके कई डिजाइंस आपको मार्केट में आसानी से मिल जाएंगे। वहीं करवाचौथ का त्यौहार आने वाला है और इस दिन अक्सर सुहागने अपने पति की लंबी आयु के लिए व्रत रखती हैं।

इस दन ज्यादातर साड़ी पहनना पसंद किया जाता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं साड़ी के साथ पहनने के लिए ब्लाउज के लिए कुछ आकर्षक डिजाइंस जिन्हें आप इस करवाचौथ के मौके पर ट्राई कर सकती हैं और अपने लुक को स्टाइलिश बना सकती हैं।

### पेंटागन डिजाइन ब्लाउज

आजकल इस तरह की नेकलाइन को काफी पसंद किया जा रहा है। इस तरह की नेकलाइन आपके कंधों को डेप्थ देने में मदद करेगी और आपके लुक को आकर्षक बना देगी। वहीं इस खूबसूरत डिजाइन के ब्लाउज को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। सी थ्रू साड़ी के साथ ऐसा डिजाइन आपके लुक में चार चांद लगा देगा। इस तरीके के ब्लाउज के साथ आप हैवी इयररिंग्स को स्टाइल करें।



### राउंड नेक ब्लाउज डिजाइन

अगर आप नार्मल राउंड नेकलाइन से बोर हो गई हैं तो इस तरह से मटके की शेप में नेकलाइन को बनवा सकती हैं। इस तरीके का लुक आपके साड़ी लुक को स्टाइलिश बनाने में मदद करेगा। वहीं अगर आपकी बाजू भारी है तो स्लीव्स को फुल ही रखें। इस लुक को डिजाइनर अर्पिता मेहता द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की नेक लाइन के साथ गले से लगे चोकर और मैचिंग स्टड्स इयररिंग्स को स्टाइल करें।

### ऑफ शोल्डर डिजाइन ब्लाउज

बोल्ड लुक वाले डिजाइन के ब्लाउज को स्टाइल करना चाहती हैं तो इस तरीके के लो नेक लाइन वाले ऑफ शोल्डर स्वीट हार्ट नेक डिजाइन को चुन सकती हैं। इस तरीके का ब्लाउज आप हैवी से लेकर प्लेन साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं। वहीं इस खूबसूरत वर्क वाले ब्लाउज को तरूण ताहिलियानी द्वारा डिजाइन किया गया है।

